## सार समाचार

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत, एक अन्य घायल

**गुना, देशबन्धु।** बजरंगगढ़ थाना अंतर्गत बीती रात घटित सडक़ हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं एक गंभीर रूप से घायल हैं, जिसका जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। जानकारी के अनुसार बीती रात सतनपुर और जेताडोंगर के बीच ट्रेटर ट्राली और बोलेरो वाहन की भिड़ंत हो गई। दोनों वाहन गुना से वापस लोट रहे थे। बताया जाता है कि बोलेरो ने पीछे से टक्कर मारी, जिसके चलते ट्रेटर पलट गया और उसके नीचे दबने से खूजा निवासी सीताराम की मौत हो गई। घटना बोलेरो चालक संजीव भी घायल है। जिसका उपचार चल रहा है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का हुआ समापन, हुआ सम्मान

**गुना, देशबन्धु।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के समापन का आयोजन नगर पालिक परिषद द्वारा स्वच्छ दिवस के अवसर पर किया। इस दौरान नगर में स्वच्छता कार्य में नगर पालिका परिषद का सहयोग करने वाले विभिन्न संस्थान, सदस्यगण का सम्मान समारोह परिषद सभागृह में रखा गया। इस दौरान एससीसी कैप्टन मनोज भिरोरिया, अधिकारी यशवंत शर्मा, स्वच्छता ब्रांड एम्बरसैडर गौरव यादव, मॉडल चिल्ड्रन स्कूल, नालंदा पब्लिक स्कूल प्राचार्य सुनील शर्मा, वंदना स्कूल प्रिंसिपल, जहागीर खान, संजीव सिंह चौहान, बाबूलाल यादव, कृष्णा योगेंद्र रघुवंशी, मां जागृति महिला समिति सुनीता अग्रवाल, लाल कृष्णा शर्मा, वेद प्रकाश, बीएस रंधवा एवं स्वच्छता टीम सिद्धिविनायक वेस्ट मैनेजमेंट एंड सर्विसेस को सम्मानित किया गया। आयोजन में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अरविन्द गुप्ता, उपाध्यक्ष धरम सोनी, चेयरमैन दिनेश शर्मा, पार्षद गण, मुख्य नगर पालिका अधिकारी तेजसिंह यादव, सब इंजीनियर नितिन चंदेल, शकील खान आदि उपस्थित रहे।

### विकासनगर में घर के पोर्च में खड़ी 2 मोटर सायकिलें चोरी

**गुना, देशबन्धु।** शहर के विकासनगर क्षेत्र में एक ही घर के पोर्च में खड़ी दो मोटर सायकिलों को अज्ञात उड़ा ले गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार डी 10 उदगम रेसीडेन्सी विकासनगर निवासी जगदीश प्रसाद गौड पिता प्रेमनारायण गौड ने बताया कि गत रात करीनब 11 बजे उनकी मोटरसाइकल टीव्हीएस स्पोर्ट्स क्रमांक एमपी 08 जेडए 8427 एवं उनके लडक़े श्रयांश गौड की मोटरसाइकल होण्डा साईन क्रमांक एमपी 08-6409 दोनों को घर के बाहर बने पोर्च मे रखकर सो गये थे। जब सुबह करीवन 4.30 बजे मेरी नींद खुली तो मैने घर के बाहर पोर्च में आकर देखा तो दोनो मोटरसाइकल नहीं थी। वहीं घर का मैन गेट का ताला टूटा पड़ा था। फिर उन्होंने अपने परिवार को जगाया आसपास देखा तो मोटरसाइकल नहीं मिली। कोई अज्ञात चोर रात्रि में दोनों मोटर सायकिलें चोरी कर ले गए। मामले में पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात चोरों पर प्रकरण दर्ज किया है।

### कलेक्टर ने डोंगर में निर्माणाधीन सीएम राइज विद्यालय के निर्माण कार्य का निरीक्षण

गुना, देशबन्धु। कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह द्वारा आज राघौगढ़ के ग्राम डोंगर में निर्माणाधीन सीएम राइज विद्यालय के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर द्वारा समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य से संबंधित विस्तार में जानकारी ली, जिसके अंतर्गत कुल कितनी भूमि है, कितने बच्चों के बैठने की कैपेसिटी है, कितने क्लास रूम है, कितनी लैब है, क्वालिटी कंट्रोल के लिए क्या व्यवस्थाएं की गई है एवं कहां से की जा रही है, अधिकृत एजेंसी कौन है, पुरानी बिल्डिंग का क्या उपयोग होगा, कुल लागत कितनी है तथा कब तक हैंडओव्हर किया जायेगा आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

# गांधी-शास्त्री जयंती पर विश्व शांति मैराथन में दौड़े युवा, विजेताओं को किया पुरस्कृत





**गुना, देशबन्धु।** भगवान महावीर के 2550 वे निर्वाण वर्ष में विश्व शांति और मैत्री की भावना का संदेश देने के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्म दिवस पर 2 अक्टूबर को भारतीय जैन मिलन एवं जैन समाज के द्वारा समूचे देश में विश्व शांति मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। गुना में इस अवसर पर अतिथि के रूप में एडीएम अखिलेश जैन, विधायक पन्नालाल शाक्य, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार, आरएसएस के प्रांतीय पदाधिकारी अशोक अग्रवाल, विकास नखराली, आशीष मंगल, जैन समाज के उपाध्यक्षगण राजेंद्र पाटई, राजीव रस्सी तथा भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार जैन ने हरी झंडी दिखाकर मैराथन दौड़ को शुरू की। जो लक्ष्मीगंज से गुरुद्वारा होते हुए एबी रोड, हनुमान चौराहा, हाट रोड, निचला बाजार, सदर बाजार होते हुए वापस लक्ष्मीगंज में आकर पूर्ण हुई। इस दौड में 250 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें 15 वर्ष से अधिकतम 65 वर्ष तक के प्रतिभागी दौडे। प्रथम स्थान पर आये राहुल प्रजापति को पुरस्कार स्वरूप 3100 रुपए एवं ट्रेक सूट, द्वितीय बलवीर जाटव को पुरस्कार में 2100 एवं ट्रेक सूट तथा तृतीय सेविन्द्र यादव को पुरस्कार स्वरूप 1100 एवं ट्रेक सूट दिए।

सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहन देने के लिए पांच ड्रा निकाले गए। जिसमें विकास टांटिया, विवेक टांटिया, सौमित्र जैन, कन्हैयाराम एवं श्री किरार सभी को पुरस्कार में ट्रेक सूट दिया गया। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में श्री विधायक पन्नालाल शाक्य ने विश्व शांति की कामना करते हुए नगर शांति की भी कामना की। भाजपा के जिला अध्यक्ष श्री सिकरवार ने भगवान महावीर स्वामी के संदेश को विश्व में स्थापित करने पर अपने विचार प्रकट किये और कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत को विश्व गुरु की परिकल्पना को पूर्ण कर रहे हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री क्षमा वाणी जैसे कार्यक्रम आयोजित कर विश्व शांति की परिकल्पना को साकार कर रहे हैं। संघ के प्रांतीय पदाधिकारी अशोक अग्रवाल ने अपने विचार रखते हुए स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को आज के परिप्रेक्ष्य में विश्व शांति के लिए प्रासंगिक बताया। उनके विचार शांति उत्थान एवं विकास के लिए प्रेरणा स्वरूप हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार जैन ने अपने उद्बोधन में बताया कि मैराथन जैसे कार्यक्रम विश्व शांति के लिए सारे देश में एक साथ एक ही तारीख को भारतीय जैन मिलन द्वारा आयोजित किया जा रहे हैं। इसी क्रम में गुना में विश्व शांति मैराथन का आयोजन किया गया है। भारतीय जैन मिलन के क्षेत्रीय अध्यक्ष पीके जैन, अक्षय जैन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनय कुमार जैन, शाखा अध्यक्ष डॉ. व्हीके जैन, शाखा सचिव प्रमोद चौधरी, कोषाध्यक्ष चंद्रेश जैन के अथक प्रयास से यह आयोजन सफलता पूर्वक संभव हो सका है। शाखा सचिव प्रमोद जैन चौधरी ने बताया कि आयोजन को सफल बनाने में नगर जैन मिलन, महिला जैन मिलन गुना, महिला जैन मिलन कैंट, महिला जैन मिलन आरोही गुना के सभी सदस्यगण एवं जैन मिलन के सदस्यगण डॉक्टर राजेश दिवाकर, डॉ एमके जैन, डॉ. एसपी जैन, चंद्रेश शैलेश मोदी, प्रफुल्ल जैन, संतोष जैन भारिल्ल, उम्मेदमल गोलेछा, धर्मेश जैन, मुकेश जैन, महेश जैन, जिनेंद्र जैन झांझरी, प्रदीप गांधी, मुकेश जैन का विशेष सहयोग रहा।

# एसपी ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया



**अशोकनगर, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में बुधवार की शाम को ग्राम एवं नगर रक्षा समिति को सम्मानित किया गया है। पुलिस कप्तान विनीत कुमार जैन ने सभी को प्रमाण पत्र दिए हैं। उन लोगों को फूल माता भी पहनाई। साथ ही उनके काम की तारीफ करते हुए उनका हौसला अफजाई किया। इस दौरान काम के दौरान आने वाली कठिनाइयों के बारे में पूछा। साथ ही उन्हें कई दिशा निर्देश भी दिए।

इस अवसर पर महिला एवं पुरुष दोनों ही ग्राम एवं नगर रक्षा समिति के आधा सैकड़ा लोग थे। उन लोगों को एसपी ने बताया कि वह किस तरह से पुलिस की तरह काम करें। संबंधित थानों की पुलिस की संपर्क में रहे किसी भी असामाजिक गतिविधि दिखाई दे तो तत्काल उसे नोटिस करें और थाने में सूचना दें। मुख्य रूप से असामाजिक गतिविधियों पर नजर रखने हेतु प्रेरणा दी।

पुलिस अधीक्षक ने कहा की ग्राम रक्षा और नगर रक्षा समिति के जो सदस्य होते हैं वह पुलिस अधिकारी के तौर पर काम करते हैं। पुलिस अधिकारियों की कमी होती है तो बड़े त्योहार सहित आयोजनों में जैसे कि विमान में जुलूसों में अभी नवरात्रि आने वाले हैं आवश्यकता लगती है तो वह एक पुलिस अधिकारी के तौर पर यह लोग सेवा देते हैं? इस वर्ष सभी सदस्यों ने त्योहारों में अच्छा काम किया है इसी के लिए उन्हें आज प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया है। यह सभी सिटी कोतवाली थाना अंतर्गत एवं देहात थाना अंतर्गत आते हैं। पुलिस अधीक्षक ने सभी को समझाइश दी है कि नवरात्रि का त्यौहार आ रहा है एवं दीपावली तक त्योहारों का दौर रहेगा जब तक यह लोग पुलिस अधिकारी के तौर पर अपनी सेवा देंगे।

# कोतवाली संघर्ष समिति 4 को निकलेगी मौन जुलूस



**गुना, देशबन्धु।** कोतवाली गली संघर्ष समिति ने बुधवार को स्थानीय शास्त्री पार्क में विशेष बैठक आयोजित कर आंदोलन को जारी रखने का प्रस्ताव सर्व सम्मति से पारित किया। बैठक में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा लाल बहादुर शास्त्री का पुण्य स्मरण कर पार्क में शास्त्री प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया। शास्त्री पार्क में दोपहर आयोजित की गई बैठक में सर्वसम्मति से 4 अक्टूबर को शास्त्री पार्क, सादर बाजार, हाट रोड, हनुमान चौराहा बस स्टैंड मार्ग से मौन जुलूस निकालकर अपना विरोध दर्ज कराने का निर्णय लिया गया है।

बैठक के संदर्भ में कोतवाली गली संघर्ष समिति के अध्यक्ष निरुपम बाजपेई ने बताया की जिला प्रशासन के मौखिक आश्वासन कि समय सीमा निकल चुकी है, इसलिए अब अपनी लंबित मांग के लिए अपने आंदोलन को जारी रखना स्वाभाविक है । स्थानीय शास्त्री पार्क में आयोजित बैठक में महेश सक्सेना, पुरुषोत्तम चौरसिया, सुनील सेन, जगदीश सेन, अख्तर बैग, दिलीप चौरसिया, हर प्रसाद अहिरवार, अकील खान, लक्की छारी, गोलू, जीतू, साजिद खान (भूरा भाई) फिदा, हुसैन, अवध नारायण ओझा, रूपेश धाकड़, गायत्री सिंह, सेरनाम अहिरवार, किशन अहिरवार, सुंदर नामदेव, दीपक जाधव, दीपक सेन, सुरेश जाटव,दिनेश देवासी, हितेश सिंह, सुनील खटीक, राम प्रसाद अहिरवार आदि विशेष रूप से बैठक में उपस्थित थे। बैठक की कार्यवाही संपन्न होने से पूर्व सभी सदस्यों ने लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुण्य स्मरण किया।

## प्रसूता महिला को डायल-100 ने पहुंचाया अस्पताल




**गुना, देशबन्धु।** जिले के चांचौड़ा क्षेत्र के झुकरा गाँव में एक महिला को असहनीय प्रसव पीड़ा हो रही है। जिसे पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-100 को प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल चांचौड़ा थाना क्षेत्र में तैनात डायल-100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ आरक्षक धर्मेंद्र चौहान एवं पायलेट गोविंद मीणा ने मौके पर पहुँचकर बताया कि 22 वर्षीय महिला भरोसी बाई पति पहलवान भील को असहनीय प्रसव पीड़ा हो रही थी। अस्पताल पहुंचने का अन्य कोई साधन उपलब्ध नहीं होने पर परिजनों ने डायल-112/100 नंबर पर कॉल कर मदद माँगी थी। डायल-112/100 जवानों ने प्रसूता महिला को परिजन के साथ एफआरव्ही वाहन से शासकीय अस्पताल बीनागंज पहुँचाया। डायल-112/100 जवानों की तत्परता से प्रसूता महिला को समय पर उपचार मिला।

# कलेक्टर द्वारा चैनपुरा और गोडिया पहुंचकर किया पीएम जूगा के सर्वे का किया आकस्मिक निरीक्षण




**गुना, देशबन्धु।** कलेक्टर डॉ सतेन्द्र सिंह एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रथम कौशिक द्वारा राघौगढ़ की ग्राम पंचायत चैनपुरा और गोडिया पहुंचकर प्रधानमंत्री जनजाति उन्नत ग्राम अभियान मिशन के तहत 2 अक्टूबर से प्रारम्भ सर्वे का आकस्मिक निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कहा कि चैनपुरा गांव के 162 हाउस होल्डर परिवार की सूची मिलान गांव वास्तविक जनसंख्या से मिलान की किया जावे।

मतदाता की सूची भी बीएलओ अपने साथ रखें। भ्रमण के समय अतुल किराना चैनपुरा की दुकान पर बैठकर जानकारी ली और पूछा कि गांव में 2011 की जनगणना के आंकड़े अनुसार गांव में कितने घर हैं और विगत 10 वर्ष में कितने आवास बनवाये, उपस्थित सचिव ने बताया कि 29 आवास बने हैं। इस दौरान निर्देश दिए कि आपको हर गांव का डाटावेस पेज बनाने के निर्देश दिये थे परन्तु सचिव व सब इंजीनियर के पास जानकारी नहीं पाई गई। इस पर सख्त निर्देश दिए कि सभी एक साथ घर घर जाकर लोगों से जानकारी प्राप्त करें। परिवार से चर्चा कर जिनका जन्म हुआ है या मृत्यु हो गई उसका सत्यापन करो। सभी के आयुष्मान कार्ड, आधार, समग्र आईडी, जाति प्रमाण पत्र, बनवाएं। इस दौरान रुमाल सिंह के घर के सदस्यों की जानकारी का सत्यापन किया गया।

**इस योजना के तहत गांव के सभी लोगों को योजनाओं का लाभ देकर, गांव को विकसित करना हैं : कलेक्टर:** कलेक्टर ने कहा कि इस प्रधानमंत्री जनजाति उन्नत ग्राम अभियान योजना के तहत गांव के सभी लोगों को योजनाओं का लाभ देकर, गांव को विकसित करना हैं। जिसके तहत सभी को आवास की सुविधा, आधार व आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र बनवाना है और यदि कोई बीमार होता है तो आयुष्मान से फ्री इलाज होगा। पूरी टीम घर घर जाकर सर्वे करो, लोगों से समय की सुविधा अनुसार मिलो, यह कार्य लगातार जारी रखो और सर्वे कार्य कम्पलीट करें। इसमें कार्य में सचिव व पटवारी अपने गांव के आशा, आंगनवाड़ी, सीएचओ का सहयोग लें। भ्रमण के दौरान एसडीएम राघौगढ़ विकास कुमार आनंद, तहसीलदार गजेंद्र सिंह, जनपद सीईओ मोनिका झरिया, नायब तहसीलदार रेणु कांसलीवाल सहित पटवारी, सचिव, आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# रामलीला में हुआ राम विवाह, लगी हल्दी, विदाई हुई तो नम हुई आंखें



**गुना, देशबन्धु।** सार्वजनिक श्रीरामलीला एवंदशहरा पर्व समिति पुरानी गल्ला मंडी गुना के तत्वाधान मे चल रही रामलीला के पांचवें दिवस कि लीला में राम विवाह की लीला का मंचन हुआ। जिसमें मंगल साज सजाकर स्त्रियां और सखियाँ सोलह श्रंगार किए। मतबाले हाथियों कि चाल से चलने वाली उनकी मनोहर गान को सुन कर मुनि ध्यान छोड़ देते हैं, ऐसी सुमधुर गानों और नागाड़ो के शबद से बड़ा शोर मचा। सभी नर नारी प्रेम और आनंद में मग्न है गुरुओं द्वारा मंगलाचरण कर गौरी गणेश की पूजा कि गई। वेद की रीती से राम सीता का विवाह सम्पन्न हुआ। राजा जनक और महारानी सुनैना जी ने प्रेम मग्न होकर राम के चरण पाखरे। इस अवसर पर जय ध्वनि बंदी ध्वनि वेद ध्वनि और नागाड़ो कि ध्वनि से पूरा मिथिलापुरी गूंज उठी। सखियों द्वारा राम कालेवा का सुन्दर मंचन किया गया एवं सीता जी की विदाई का मंचन देख सबकी आँखे नम हो गई। इस दौरान कलाकारों द्वारा सुन्दर अभिनय किया गया। जिसमें रामजी का पुरुषोत्तम धाकड़, लक्ष्मण का वैभव भार्गव, सीता जी का कृष्णगोपाल, भरत जी का रूद्र भार्गव, शत्रुहन का ओम यादव, दशरथ जी का रमेश जैन, वशिष्ठ जी का हरवीर धाकड़, जनक जी रघुवीर ओझा, सुमंत जी का सुल्तान यादव, सतनन्द जी चिरोजीलाल लोधा, विश्वामित्र का राजीव शर्मा, ऋषि मुनि राम सिंह धाकड़, सुनैना दिनेश, सखियों मे मांगीलाल सिलावट, कैलाश राठौर, मोनू जोगी, सुल्तान सिंह, बाराती रवि केवट, राजू आदि ने अभिनय किया। व्यास गादी पर पंडित शम्भूदयाल शर्मा, ढोलक पर सुनील शर्मा, श्रंगार कर्ता अभिषेक शर्मा, पोपट राव मराठा रहे। समिति के मिडिया प्रभारी योगेश लोधा ने बताया कि मंच का निर्देशन महावीर जैन, मंच का संचालन दामोदर शर्मा, समिति संयोजक गोविन्द सोनी, अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, सचिव अतिवीर जैन, प्रमोद अग्रवाल, ब्रजेश राठौर, विजय जैन, मनीष ब्राह्मभट्ट, अनिल भार्गव, अतुल शर्मा, रामदयाल कुशवाह, चम्पालाल कैलाश राठौर, एंव समिति सदस्यों और कलाकारों के साथ गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने बच्चों को वितरित किये पुरुस्कार

**गुना, देशबन्धु।** विकासखंड राघौगढ़ ग्राम सनोतिया में सुजल शक्ति अभियान के अंर्तगत कार्यपालन यंत्री के निर्देशन में 28 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है। इसी क्रम में विकासखंड राघौगढ़ के ग्राम सनोतिया में नल जल योजना के महत्व को ध्यान में रखते हुए शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक विद्यालय में जल जीवन मिशन से संबधित सभी बच्चों ने चित्रकला प्रतियोगिता तथा निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया गया। स्कूल के सभी बच्चों में इस योजना को लेकर उत्साह देखा गया तथा सभी ने पानी स्वयं न व्यर्थ करने तथा अपने परिवारजनों को भी जल के महत्व को घर पर समझाएंगे, नल को बंद कर के रखेंगे, इसके लिए स्कूल अध्यापक तथा बच्चों द्वारा जल शपथ भी ली गई।

## मां के आगमन की जोरशोर से तैयारियां, बाजार में रही भारी भीड़

# मुंबई की तर्ज मां काली की अगवानी, जयस्तंभ चौराहे पर सजेगा माता का दरबार

***गुना, देशबन्धु।*** *शारदीय नवरात्रि का शुभारंभ गुरुवार से होगा। इसके एक दिन पहले बाजार में भारी भीड़ रही। वहीं जयस्तंभ चौराहे पर सद्भावना झांकी समिति द्वारा लगाए जाने वाले मां काली का दरबार जिलेभर में आकर्षण का केंद्र रहेगा। इस दौरान 22 फुट से ऊंची प्रतिमा को समिति कार्यकर्ता मंगलवार देर रात गाजे-बाजे के साथ लेकर पहुंचे। इस दौरान मां की अगवानी मुंबई के गणेशोत्सव की तर्ज पर की गई। सैकड़ों की संख्या में मां के भक्त डीजे, बैंड-बाजे से मां कैंट स्थित हीराबाग से जयस्तंभ चौराहा लेकर पहुंचे। इस मौके पर झांकी समिति के सुनील मालवीय, पवन जैन बंटी एवं तरूण मालवीय ने बताया कि मां की अगवानी के जुलूस में भव्य लेजर शोरूम कई फुट ऊंची केंद्र से किया गया। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से शहर के कई मार्गों में बिजली सप्लाई बंद की गई।*



*वहीं बुधवार को दिनभर माता रानी को बैंड-बाजे के साथ ले जाने का क्रम चलता रहा। शहर की हर गली-मोहल्ले में मां के आगमन की तैयारियां जोरों पर रही। शहर में सैंकड़ों स्थानों पर झांकी लगाई जा रही हैं। कई झांकी पांडालों में प्रतिमाएं पहुंच चुकी हैं तो कहीं ढोल-नगाड़ों के साथ धूमधाम से माता की अगवानी की गई। ग्रामीण और दुरुस्त अंचल में मंगलवार से ही प्रतिमाओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। वहीं शहर और आसपास के क्षेत्र में बुधवार को प्रतिमाओं को झांकी पांडालों में लाने का क्रम शुरू हो गया था। माता की अगवानी का दौर गुरुवार शाम तक चलेगा।शहर में एक दर्जन से अधिक स्थानों पर प्रतिमाओं का निर्माण कार्य चल रहा है। जहां आज दिनभर भीड़भाड़ रही। शहर की सडक़ों पर भी वाहनों का अधिक दबाव रहा।*

*इधर 3 से 12 अक्टूबर तक चलने वाले नवरात्रि दशहरा महोत्सव के दौरान विराट हिन्दू उत्सव समिति ने अंचल के देवी मंदिरों एवं पांडालों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की मांग की है। हिउस प्रमुख कैलाश मंथन ने जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन से मांग की है कि नवरात्रि के दौरान सभी देवी मंदिरों में भारी जनसैलाब उमडऩे की संभावना को देखते हुए कड़ी सुरक्षा की जाए एवं यातायात की सुलभ व्यवस्था के तहत ओव्हर लोडिंग एवं मनमाने किराये पर रोक लगाई जाए। श्री मंथन के मुताबिक मां निहाल देवी (65 किमी) एवं मां बीज भुजा भवानी (12 किमी) तक पहुंचने के लिए यात्री वाहनों में मनमाना किराया वसूला जाता है। यातायात विभाग की लापरवाही के चलते लाखों श्रद्धालुओं से निर्धारित किराए से अधिक किराया चार पहिया वाहन संचालकों द्वारा वसूला जाता रहा है। नवरात्रि के दौरान मंदिरों, पांडालों एवं प्रमुख मार्गों पर लगातार विद्युत सप्लाई एवं पेयजल व्यवस्था होना जरूरी है। शक्तिपीठों तक पहुंच मार्गों को नवरात्र से पहले दुरूस्त कराने में लोक निर्माण विभाग प्रशासन ने लापरवाही दिखाई है। बारिश के बाद उक्त मार्ग जर्जर हो चुके हैं। दोनों स्थानों पर पांच लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है, ऐसे में निहालदेवी एवं बीसभुजी मार्ग के गड्ढे तत्काल भरे जाएं।देखा जाता है कि अव्यवस्थित यातायात के चलते अक्सर इन मार्गों पर दुर्घटनाओं में अनेकों श्रद्धालु दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। पीडब्ल्यूडी विद्युत कंपनी, आरटीओ की लापरवाही से माता के लाखों भक्तों की असुविधा भोगनी पड़ती है।*

### प्रथम नौ झांकियों को किया जाएगा चिंतन सम्मान से पुरस्कृत

*विराट हिन्दू उत्सव समिति द्वारा नवरात्रि एवं दशहरा महोत्सव के दौरान सक्रिय झांकी समितियों, समाजसेवी-धार्मिक संस्थाओं व सामाजिक कार्यकर्ताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। हिउस प्रमुख कैलाश मंथन ने बताया कि सर्वश्रेष्ठ नौ झांकियां को चिंतन पुरस्कार से नवाजा जाएगा एवं करीब दो सौ पचास झांकियों को विशेष सम्मान दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि 1980 से नवदुर्गा महोत्सव शहर का सबसे बड़ा महोत्सव बन चुका है। चिंतन मंच के तहत सर्वश्रेष्ठ झांकियों को चिंतन शील्ड प्रदान की जाती है।*

अपनी मांगों को लेकर न्याय यात्रा निकाल किया प्रदर्शन

# मुख्यमंत्री निवास की तरफ जा रहे अतिथि शिक्षकों को वेरिकेड लगाकर रोका



**भोपाल, देशबन्धु।** नियमितिकरण की स्थाई मांग सहित 5 सूत्रीय मांगों को लेकर आज अतिथि शिक्षकों ने भोपाल में न्याय यात्रा निकालकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी अम्बेडकर पार्क से मुख्यमंत्री निवास तक यात्रा निकालकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को ज्ञापन देना चाहते थे। प्रदर्शनकारी अतिथि शिक्षकों को पुलिस ने बीच में ही वेरिकेड्स लगाकर रोक दिया।

अतिथि शिक्षक समन्वय समिति के बैनर तले बड़ी संख्या में अतिथि शिक्षक अम्बेडकर पार्क में एकत्रित हुए। यहां सभा को सम्बोधित करते हुए अतिथि शिक्षक समन्वय समिति के प्रदेश अध्यक्ष सुनील सिंह परिहार ने सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया, उन्होंने कहा कि विगत 10 सितम्बर को अतिथि शिक्षकों द्वारा निकाली गई तिरंगा यात्रा के बाद स्कूल शिक्षा मंत्री उदय राव प्रताप सिंह से एक प्रतिनिधि मंडल से मुलाकात की थी। इस मुलाकात के दौरान अतिथि शिक्षकों के प्रतिनिधि मंडल और मंत्री श्री सिंह के बीच जिन मांगों को लेकर सहमति बनी थी, उस संबंध में अब तक आदेश जारी नहीं किए गए । उन्होंने बताया कि मंत्री के साथ चर्चा में 10 माह के अनुबंध, स्कोर कार्ड में 10 अंक प्रतिवर्ष जोड़ने , 10 वर्ष के अधिकतम सौ अंक जोड़ने, 30 प्रतिशत से कम परीक्षा परिणाम वाले करीब 12 हजार अतिथि शिक्षकों को पुन: अवसर देने सहित कई मांगों पर सहमति बनी थी। इसके साथ ही उन्होंने स्कूल शिक्षा मंत्री के उस बयान पर भी नाराजगी जताई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि मेहमान बनकर आए हो घर कब्जा करोगे क्या? वहीं अतिथि शिक्षकों को संबोधित करते हुए संगठन के प्रदेशाध्यक्ष केसी पवार ने कहा कि यदि सरकार हमारी मांगों पर जल्द से जल्द अपना रुख स्पष्ट नहीं करती है तो हम भोपाल की सड़कों पर आमरण अनशन करेंगे।

इसके बाद प्रदर्शनकारी मुख्यमंत्री निवास तक न्याय यात्रा निकालकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने के लिए निकल पड़े। जिन्हें बीच में ही वेरिकेड्स लगाकर रोक दिया गया। बाद में प्रदर्शनकारियों ने प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन देकर मुख्यमंत्री से उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करने की मांग की।

## अतिथि शिक्षकों के धरने में शामिल हुए जीतू पटवारी

– अपनी 5 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे अतिथि शिक्षकों के प्रदर्शन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी भी शामिल हुए। उन्होंने अतिथि शिक्षकों नियमितिकरण सहित समस्त मांगों का समर्थन किया। साथ ही उन्होंने न सिर्फ भाजपा सरकार पर वादा खिलाफ का आरोप लगाया बल्कि केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया पर भी सवाल उठाए। उन्होंने प्रदर्शनकारियों को भरोसा दिलाया कि कांग्रेस उनकी मांगों का समर्थन करती है।

राजभवन में मनाई गांधी जयंती

# राज्यपाल ने झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश



**भोपाल, देशबन्धु।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल आज राजभवन में आयोजित सामूहिक स्वच्छता कार्यक्रम में शामिल हुए । गांधी जयंती पर आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने यहां राजभवन के सभी अधिकारी-कर्मचारियों के साथ मिलकर राजभवन के कर्मचारी आवास परिसर में सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।

श्री पटेल ने राजभवन के कर्मचारी आवास परिसर में झाड़ू लगाकर कचरा साफ करने के साथ ही परिसर के रहवासियों को स्वच्छता को अपने व्यवहार में आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही श्री पटेल ने सफाई कर्मचारियों के साथ चर्चा की। इस अवसर पर राजभवन के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

**गांधी भवन में बच्चों का किया सम्मान :** राज्यपाल मंगुभाई पटेल गांधी जयंती के अवसर पर गांधी भवन सभागृह में आयोजित पुष्पांजलि कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने गांधी स्मृति स्थल पर आदरांजलि अर्पित की। श्री पटेल ने कार्यक्रम में महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व.लालबहादुर शास्त्री के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित किए। उन्होंने गांधी सप्ताह के अंतर्गत 'आओ जानें गांधी' प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। श्री पटेल का शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया गया। उन्होंने गांधी जी की चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस दौरान बापू के प्रिय भजनों की प्रस्तुति दी गई।

# शक्ति अभिनंदन अभियान 11 अक्टूबर तक

**भोपाल ,देशबन्धु।** राज्य शासन द्वारा महिला नेतृत्व आधारित विकास, महिला सशक्तिकरण एवं महिला सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर केन्द्रित विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का निरंतर क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस कड़ी में महिला एवं बालिका सशक्तिकरण के प्रति जन-जागरूकता लाने के उद्देश्य से सम्पूर्ण प्रदेश में 2 से 11 अक्टूबर तक शक्ति अभिनंदन अभियान'' आयोजित किया जा रहा है। इस संबंध में सभी जिला कलेक्टर को आवश्यक निर्देश जारी किये गये हैं।

अभियान के प्रथम दिन भोपाल में महिला स्वावलंबन एवं सशक्तिकरण पर महात्मा गाँधी के विचार'' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में विभिन्न क्षेत्रों से आये विषय-विशेषज्ञों ने गाँधी जी के महिला सशक्तिकरण के प्रति दृष्टिकोण को अत्यंत प्रगतिशील और सकारात्मक बताया। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण पर गाँधी जी की समानता की अवधारणा, स्वतंत्रता और आत्म-निर्भरता, अहिंसा और शक्ति तथा महिलाओं की शिक्षा का महत्व पर विस्तृत चर्चा की गई।

उल्लेखनीय है कि 10 दिवसीय शक्ति अभिनंदन अभियान के तहत विद्यालयों में महिला सुरक्षा पर पेंटिंग प्रतियोगिता, महिलाओं से संबंधित एक्ट/अधिनियम एवं नवीन कानूनों पर चर्चा, महिला सुरक्षा जागरूकता रैली, बुजुर्ग महिलाओं (दादी-नानी) सम्मान, पंचायत एवं वार्ड स्तर पर सेफ्टी वॉक, सकारात्मक पुरुष भागीदारी



पर चर्चा तथा सायबर सिक्योरिटी, सोशल मीडिया सिक्योरिटी पर विद्यालय/महाविद्यालय में प्रशिक्षण जैसे कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

# गांधी के सत्य, अहिंसा और शास्त्री का सादगीपूर्ण जीवन अनुकरणीय

विधानसभा परिसर में कार्यक्रम आयोजित



**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश विधान सभा में आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती परम्परागत तरीके से मनाई गई। इस मौके पर स्वच्छता दिवस कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम को विधानसभा के प्रमुख सचिव अवधेश प्रताप सिंह ने सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा का मार्ग जहां आज भी प्रासांगिक है, वहीं स्व. श्री शास्त्री के सादगी पूर्ण जीवन मूल्य हम सब के लिए अनुकरणीय हैं। आज आर्टीफिशियल इण्टेलिजेंस के युग में हमें अपने मूल चिंतन व सनातन मूल्यों को अपनाने का संकल्प लेना होगा तभी यह जयंती सार्थक होगी । इसके पहले अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा पहले परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर तदुपरान्त पुस्तकालय कक्ष में गांधी जी तथा शास्त्री जी के चित्र पर सूत की मालाओं के साथ पुष्पांजलि अर्पित की गई । साथ ही सामूहिक रूप से ज्ञान ज्योति प्रज्वलित की गई। बाद में प्रमुख सचिव द्वारा अधिकारियों व भवन नियंत्रक के साथ विधानसभा परिसर में स्वच्छता अभियान का अवलोकन किया गया।

# रीवा में 15 एकड़ में बनेगा संस्कृत विवि का भव्य परिसर : शुक्ल

**भोपाल, देशबन्धु।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि पाणिनि संस्कृत विश्वविद्यालय अब आकार ले रहा है। इसमें 80 विद्यार्थियों का प्रवेश हो चुका है। उन्होंने निर्देश दिए कि कक्षाएं संचालित करने के लिए दो दिन में 5 कक्ष में आवश्यक व्यवस्थाएँ पूर्ण कर दें। विद्यार्थियों के रहने और भोजन की भी समुचित व्यवस्था हो गई है। जब तक स्थाई रूप से प्राध्यापकों की नियुक्ति नहीं हो जाती है तब तक शहर के 20 संस्कृत विद्वानों ने विद्यार्थियों को संस्कृत ज्ञान देने का संकल्प लिया है। लक्ष्मणबाग मंदिर परिसर के समीप नदी के उस पार स्थित 32 एकड़ भूमि में से 15 एकड़ भूमि में संस्कृत विश्वविद्यालय का भव्य परिसर बनाया जाएगा। यह परिसर रीवा के संस्कृत ज्ञान की परंपरा को पुन: स्थापित करेगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने



लक्ष्मणबाग मंदिर परिसर रीवा में आयोजित बैठक में संस्कृत विश्वविद्यालय के रीवा परिसर की व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

बैठक में रीवा कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि कक्षाएं संचालित करने के लिए व्यवस्थाएं की जा रही हैं। विद्यार्थियों के आवास तथा भोजन की व्यवस्था के लिए परिसर प्रभारी एवं भोजन बनाने वालों की नियुक्ति कर दी गई है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल सिविल लाइन रीवा में 3 अक्टूबर को रीवा में नव-निर्मित अटल पार्क का लोकार्पण करेंगे। अटल पार्क का निर्माण मध्यप्रदेश हाउसिंग बोर्ड द्वारा पुनर्घनत्वीकरण योजना के तहत कराया गया है। लोकार्पण समारोह में सुप्रसिद्ध गायक कैलाश खेर एवं उनके साथी कलाकार सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देंगे।

पांचवे दिन निरंतर-धारा दिवस पर सुजल शक्ति अभियान का समापन

# सुजल शक्ति अभियान- स्वच्छ जल आपूर्ति और ग्रामीण भागीदारी का उत्सव

भोपाल, देशबन्धु।, सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, श्री पी. नरहरी ने भोपाल जिले के ग्राम बिलखिरिया में अभियान के समापन दिवस पर जल सैनिक नंबर 1 का प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। इस दौरान विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही अभियान के दौरान हुई गतिविधियों के बारे में ग्रामीणों से चर्चा भी की। सृजल शक्ति इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण समुदायों में सतत जल आपूर्ति और दीर्घकालिक जल स्थिरता सुनिश्चित करना था। सचिव श्री नरहरी ने उपस्थित ग्रामीणों को संकल्प भी दिलाया और पौधरोपण भी किया। 2 अक्टूबर 2024 को गांधी जयंती के अवसर पर %निरंतर-धारा दिवस% पर कई गतिविधियों के साथ सुजल शक्ति अभियान का समापन हुआ। अभियान के समापन अवसर पर चिन्हित ग्रामों में सुजल अभियान की उपलब्धियों की प्रस्तुति और जल आपूर्ति योजनाओं की समीक्षा के लिए ग्राम सभा का आयोजन किया गया। पंचायत प्रतिनिधियों, ग्राम जल



और स्वच्छता समिति, पंप ऑपरेटरों, स्वयं सहायता समूहों और ग्रामीण समुदाय के प्रमुख सदस्यों की भागीदारी ने इस कार्यक्रम को एक महत्वपूर्ण जन-सहभागिता मंच बनाया। अभियान के लिए प्रमुख योगदान देने वालों को जल सैनिक नंबर 1 पुरस्कार से सम्मानित किया गया। साथ ही, हम जल साथी के रूप में चयनित परिवारों की भी सराहना की गई, जिन्होंने जल प्रबंधन में सक्रिय भूमिका निभाई। ग्रामीण स्तर पर 24×7 जल आपूर्ति योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए हर घर जल प्रमाणीकरण के तहत गांवों को प्रमाणित किया गया, जिसमें समर्पित समुदायों ने अपनी जल आपूर्ति योजनाओं का संचालन और रख-रखाव सुनिश्चित किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक आयोजनों और जल संरक्षण पर आधारित प्रस्तुतियों ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। ग्रामीण समुदाय ने जल पूजा का आयोजन कर जल स्त्रोतों के प्रति अपनी आस्था और समर्पण प्रदर्शित किया। जल स्त्रोतों की सफाई हेतु श्रमदान, स्वच्छता सर्वेक्षण और जलापूर्ति की समीक्षा गतिविधियों ने जल प्रबंधन के प्रति गांव की जागरूकता और सहयोग को दर्शाया। अभियान के समापन पर स्थायी जल आपूर्ति के लिए दीर्घकालिक कार्य योजना तैयार की गई, जिसका क्रियान्वयन स्थानीय समितियों द्वारा निगरानी के साथ किया जाएगा।

# वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में वन्य-जीव सप्ताह में विभिन्न कार्यक्रम



**भोपाल,देशबन्धु।** वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में वन्य-जीव सप्ताह-2024 के उपलक्ष्य में 2 अक्टूबर, 2024 को पक्षी-दर्शन शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में यूथ हॉस्टल एवं अन्य शैक्षणिक संस्थाओं के कुल 54 प्रतिभागियों ने पक्षियों की विभिन्न प्रजातियों के दर्शन किये, जिनमें प्रमुख है रेड मुनिया, ग्रे हेरोन, नाईट हेरोन, राबिन, किंगफिशर, ग्रीन बी इंटर टिटहरी, ब्रोंज विंग जकाना लिटिल कॉर्पोरेट, मूरहेन, ब्लेक ड्रोंगो, सिल्वर बिल मुनिया। तितलियों में कॉमन ग्रास यलो, ब्लू टाईगर स्ट्राइपड टाईगर, प्लेन टाईगर लाईम बटरफ्लाई, कॉमन क्रो, ग्रे पेनसी कॉमन ईवनिंग ब्राउन आदि को देखकर प्रतिभागी उत्साहित हो उठे। स्त्रोत व्यक्ति के रूप में डॉ. सुरेन्द्र तिवारी, डॉ. सुदेश वाघमारे, डॉ. संगीता राजगीर, मो. खालिक एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर संचालक वन विहार श्री मीना अवधेशकुमार शिवकुमार भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सहायक संचालक वन विहार श्री एस.के. सिन्हा द्वारा किया गया। पक्षी अवलोकन शिविर के मुख्य आकर्षक छोटे-छोटे बच्चे रहे, जो प्रतिभागी के रूप में शिविर में सम्मिलित हुए, जिनकी पक्षियों के प्रति अभिरूचि एवं क्रियाकलापों को देखकर उपस्थित पक्षी-प्रेमियों द्वारा उनकी प्रशंसा की गई एवं उत्साहवर्धन किया गया।

अन्य प्रतियोगिता के रूप में 2 अक्टूबर, 2024 को वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में प्रात: 10.30 बजे से स्कूली छात्र-छात्राओं में जागरूकता लाने के उद्देश्य से सृजनात्मक कार्यशाला-सह-प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विद्यालयों के कुल 65 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इन विद्यार्थियों को विषय-विशेषज्ञ श्री नवीन कुमार, मूर्तिकार क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय एवं श्री संजय सोनकेशरिया द्वारा रंगीन कागज के माध्यम से विभिन्न पक्षी, तितलियों एवं फूलों की आकृतियों बनाना सिखाया गया।

ग्राम पिपरिया में आयोजित ग्रामसभा में शामिल हुए

# सक्रिय सहभागिता ही ग्राम विकास का आधार बनेगी: पटेल



**भोपाल, देशबन्धु।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि आयोजित होने वाली ग्राम सभाओं में सभी लोगों को आना चाहिये। गांव के विकास व गांव के उत्थान के लिए ग्रामसभा में जरूर जायें। गांव के विकास में जो पैसा लगाया गया है, उसका सुनियोजित तरीके से प्रबंधन हो। यह हम सबकी जिम्मेदारी है। यह बात मंत्री श्री पटेल ने करेली विकासखंड के ग्राम पिपरिया में आयोजित ग्राम सभा में कही। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ से लाभान्वित भी किया गया।

मंत्री श्री पटेल ने कहा कि ग्राम सभा अपने क्षेत्र में अपने सदस्यों के हितों, पर्यावरण में सुधार और स्थानीय रोज़गार बढ़ाने के लिए कार्यक्रम बनाती है। लोगों की भागीदारी के माध्यम से ग्राम स्वराज प्राप्त करना है। ग्राम सभाएं केवल अतीत पर चिंतन करने का समय नहीं हैं, बल्कि भविष्य का मार्गदर्शन करने का एक अवसर भी है। बुजुर्गों के ज्ञान का सम्मान करके और महिलाओं व युवाओं की भागीदारी को बढ़ावा देकर ये सभाएं जमीनी स्तर पर लोकतंत्र और शासन की जड़ों को मजबूत करेंगी। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि शासकीय भूमि पर अंधाधुंध अतिक्रमण नहीं हो। खाली पड़े शासकीय भूमि पर स्कूल, अस्पताल और आंगनबाड़ी भवन बनाकर लोगों को सुविधायें मुहैया करा सकते हैं। इसके लिए आपस में बैठक यह निर्णय करें कि हमारे लिये ही इन जगहों का उपयोग होगा।आज पूरे प्रदेश में आज ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया है।

मंत्री श्री पटेल ने कहा कि अपने गांव की भलाई और विकास के लिए आपको फैसले लेना होगा। हम सभी मिलकर स्वच्छता में अपनी पंचायत को नम्बर वन बना सकते हैं। समय पर स्वच्छता कर, सम्पत्ति कर एवं जल कर का भुगतान करें। इन सभी कार्यों से पंचायत को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जो पौधरोपण किया, उसकी सुरक्षा और हमें मिलने वाले जल के प्रबंधन की जिम्मेदारी भी हमारी है। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में बतायें और नशे से उन्हें बचायें।

आज स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े का अंतिम दिन है। इसकी शुरुआत प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर हुई। इस वर्ष इसकी थीम स्वभाव स्वच्छता,संस्कार स्वच्छता है। हमें अपने वैयक्तिक एवं आंतरिक स्वच्छता पर ध्यान रखना होगा। अपनी आदतों में सुधार करना होगा। स्वच्छता अभियान अब एक राष्ट्रीय आंदोलन का रूप ले चुका है। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि गांधी जी ने स्वावलंबन का पाठ सिखाया है। आप सभी स्वच्छता के प्रति जागरूक हो एवं अन्य लोगों को भी जागरूक करें।

# मप्र अग्रवाल महासभा ने सदस्यता लेने की तिथि 15 अक्टूबर की

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश अग्रवाल महासभा ने महासभा की महिला और युवा इकाई के पदाधिकारियों द्वारा सदस्यता की तिथि बढ़ाने की गई मांग को ध्यान में रखते हुए अब सदस्यता लेने की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर की है। महासभा के प्रांतीय अध्यक्ष डीपी गोयल के अनुसार सदस्यता सूची का अंतिम प्रकाशन ×0 अक्टूबर को किया जाएगा। उन्होंने कहा है जो पदाधिकारी अपने पास सदस्यता फार्म रखे है उन्हें तत्काल भेजे ताकि उनका नाम सूची में दर्ज कर सूचीबद्ध किया जा सके।

**न्यायालय तहसीलदार, राजधानी परियोजना नजूल टी.टी.नगर वृत्त भोपाल म.प्र.**

प्र.क्र. 168/अ-6/2024-25

**सार्वजनिक नोटिस**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजीव स्थापक पिता श्री जे. के. स्थापक निवासी- भोपाल स्थित भूमि ग्राम चूनाभट्टी जिसका रकबा 185.87 वर्गमीटर को रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है ।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह इस इश्तहार/प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है । निर्धारित अवधि व्यतीत होने के बाद प्राप्त आपत्तियों पर किसी प्रकार को विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 30.09.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**राजधानी परियोजना भोपाल**

**न्यायालय तहसीलदार, राजधानी परियोजना नजूल टी.टी.नगर वृत्त भोपाल म.प्र.**

प्र.क्र.169/अ-6/2024-25

**सार्वजनिक नोटिस**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण 1. समीरा बंसल 2. अकांक्षा बंसल 3. साक्षी बंसल तीनों के पिता स्व. मुकेश बंसल निवासी- भोपाल स्थित भूमि ग्राम चूनाभट्टी जिसका खसरा नं. 4/1/2/21/2/2/2/2/2/1 रकबा 0.753 हे. को नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है ।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह इस इश्तहार/प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है । निर्धारित अवधि व्यतीत होने के बाद प्राप्त आपत्तियों पर किसी प्रकार को विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 30.09.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**राजधानी परियोजना भोपाल**

भोपाल, गुरूवार 3 अक्टूबर 2024
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## ईरान-इज़रायल युद्धः खतरे में शांति

मध्य पूर्व एशिया में एक बड़े युद्ध के बादल फिर गहराने लगे हैं जब ईरान ने इज़रायल पर बहुत बड़ा हमला बोल दिया है। बताया गया है कि ईरान ने आधे घंटे के भीतर एक के बाद एक करीब 200 बैलेस्टिक मिसाइलें इज़रायल पर बरसाईं। हमलावर देश का यह दावा है कि 90 फीसदी मिसाइलें निशानों पर सटीक गिरी हैं। अप्रैल में ईरान द्वारा इज़रायल पर किये गये हमले की तरह यह भी एक बड़ा आक्रमण बताया जाता है। इज़रायल ने जल्दी ही इसका बदला लेने की धमकी देते हुए कहा है कि वह ईरान का हाल गज़ा की तरह कर देगा। उसने इसे ईरान की एक बड़ी गलती बतलाते हुए कहा है कि उसकी सेना बड़ा जवाब देने के लिये तैयार है। इज़रायल के रक्षा मंत्री योआव गैलेंट ने चेतावनी भरे लहजे में कहा है कि 'ईरान ने कोई सबक नहीं सीखा है। वह भूल गया है कि जो इज़रायल पर हमला करता है उसे भारी कीमत चुकानी पड़ती है।'

उधर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपने प्रशासन की एक उच्चस्तरीय बैठक बुलाई है। बाइडेन की नेतन्याहू से बात होगी। हालांकि ईरान ने अमेरिका को चेतावनी दी है कि वह दखलंदाजी न करे। युद्ध और माहौल की उग्रता को देखते हुए प्रतीत हो रहा है कि पूरे इलाके की शांति के लिये बड़ा खतरा सामने है। विश्व बिरादरी को इस क्षेत्र में शांति बहाली के लिये तत्काल कदम उठाने होंगे वरना युद्ध बड़ा रूप ले सकता है। ईरान ऐसे वक्त में लड़ाई में कूदा है जब इज़रायल पहले से ही लेबनान के साथ युद्ध में उलझा हुआ है। अन्य पड़ोसी मुल्क खासकर, मिस्र, इराक आदि लड़ाई में उतर आते हैं तो स्थिति विकट हो जायेगी। अब तक इन मिसाइलों से बड़ी हानि की सूचना नहीं है पर बताया जाता है कि इससे वेस्ट बैंक में एक फिलीस्तीनी की मौत हो गयी है। सम्भवतः ईरान के हमले का आशय चेतावनी देना मात्र हो सकता है। अन्य देशों की आलोचना से बचने के लिये उसने नागरिकों पर ये हमले नहीं किये होंगे। फिर भी कहा नहीं जा सकता कि वहां नागरिक कितने सुरक्षित हैं। हो सकता है कि ईरान के अगले निशाने इज़रायल के रिहायशी क्षेत्र हों या यह भी हो सकता है कि अभी नुकसान की जानकारी सामने न आई हो।

ईरान की इस्लामिक रिव्यॉल्यूशनरी गार्ड ऑफ कॉर्प्स (आईआरजीसी) की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि ये हमले हमास के चीफ़ इस्माइल हानिया, हिजबुल्लाह चीफ़ हसन नसरल्लाह और आईआरजीसी के कमांडर अब्बास निलफोरोशान की मौत का बदला लेने के लिये किये गये हैं। उसके अनुसार इज़रायल के तीन सैन्य ठिकानों पर भी हमले किये गये हैं। हालांकि इसकी अभी पुष्टि नहीं हुई है। याद हो कि इसी साल अप्रैल में ईरान ने इज़रायल पर एक बड़ा हमला किया था। उसके बाद जिसे शांति समझा जा रहा था दरअसल वह ईरान द्वारा इस हमले की तैयारी का दौर था। पिछले कुछ समय के अंतराल के बाद इज़रायल मौजूदा दौर में अपने पड़ोसी मुल्कों से इतने बड़े हमले झेल रहा है और वह रक्षात्मक मोड में दिखाई दे रहा है। गज़ा में उसके द्वारा किये गये भीषण हमलों में जो तबाही हुई थी उसके कारण अनेक देशों में उसके खिलाफ़ माहौल बना है। जिस प्रकार से उसने अस्पतालों (खासकर बच्चों के) पर हमले किये, उसके चलते दुनिया भर की सहानुभूति फिलीस्तीन के प्रति बढ़ी है। उन देशों के नागरिक भी अपने ही देशों की सरकारों की आलोचना करते हुए इज़रायल को सैन्य मदद देना बन्द करने की मांग कर रहे हैं। इज़रायल के चारों ओर के देश उसके खिलाफ निर्णायक जंग के मूड में दिख रहे हैं जो बड़ी लड़ाई का संकेत दे रहे हैं। पश्चिमी देश इज़रायल को मदद करना भी चाहें तो उसके नेतृत्व के लिये वे अमेरिका का मुंह देख रहे हैं। अमेरिकी प्रशासन के सामने भ्रम की स्थिति हो सकती है। पहला तो यह कि इस युद्ध में यदि वह शामिल होता है तो उसके अपने नागरिक ही विरोध कर सकते हैं। बाइडेन को भी इसलिये बहुत सोच-समझकर कदम उठाने होंगे क्योंकि इसी दिसम्बर में वहां राष्ट्रपति चुनाव हैं। फिलहाल उनकी डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस को बढ़त है परन्तु यदि कोई अलोकप्रिय कदम बाइडेन ने उठाया तो उसका खामियाजा उनकी पार्टी को चुनाव में उठाना पड़ सकता है।

इज़रायल को घेरे हुए जो इस्लामिक देश हैं, उनकी सेनाओं के अलावा अनेक संगठन भी हथियार तैयार किये बैठे हैं। इससे युद्ध की भयावहता का अंदाजा लगाया जा सकता है। गज़ा पट्टी एवं वेस्ट बैंक में हमास व फिलीस्तीनी इस्लामिक जिहाद, लेबनान में हिजबुल्लाह, इराक में पॉपुलर मोबिलाइजेशन फोर्सेस, बद्र व असैब अह्ल अल हक, सीरिया में अफगानी शरणार्थियों से बना फातेमिया ब्रिगेड, जैनबी ब्रिगेड व कुवत अल-रिधा, यमन में हूती, बहरीन में अल-अश्तार ब्रिगेड जैसे संगठन कार्यरत हैं जिनके लाखों लड़ाके हैं। अमेरिका सहित पश्चिमी देशों का समर्थन लिये बिना इज़रायल को इतने मोर्चों पर एक साथ लड़ना बहुत कठिन होगा। अगर ऐसा होता है तो अमेरिका-इज़रायल के विरोधी खेमे के देश भी इस्लामिक देशों की मदद के लिये न उतर आयें। यह सबसे बड़ा खतरा है। हालांकि इस वक्त दुनिया के ज्यादातर देश स्वयं ही इतने ज्यादा खस्ताहाल हो चुके हैं कि युद्ध से दूर रहना चाहेंगे। तत्काल ज़रूरत इस क्षेत्र में शांति बहाल किये जाने की है।

# अमृतकाल में भुखमरी

**दुनियादारी**

■ सर्वमित्रा सुरजन

अगर तस्वीरें बोल सकतीं, मूर्तियां हिलने-डुलने में सक्षम होतीं, तो महात्मा गांधी अपने जन्मदिन पर हाथ जोड़कर नरेन्द्र मोदी समेत संघ की मानसिकता में पोषित तमाम नेताओं से विनती करते कि वे बेशक नाथूराम गोडसे की जय जयकार कर लें (जिसने उन पर तीन गोलियां दागीं), लेकिन उनके (गांधी के) आगे दिखावे के लिए हाथ न जोड़ें। क्योंकि गांधी की मूर्ति पर माला चढ़ाने या उन्हें प्रणाम करने का तब तक कोई अर्थ नहीं है, जब तक उनके आदर्शों पर चलने की नीयत न हो। गांधीजी ने ऐसे आजाद भारत की कल्पना की थी, जिसमें आखिरी कतार के आखिरी व्यक्ति की आंख से आंसू पोंछे जाएं। यानी जो समाज में सबसे गरीब, पीड़ित और शोषित लोग हैं, उनकी पीड़ा को दूर करने का काम सरकार करे, तभी आजादी का मतलब है। लेकिन नरेन्द्र मोदी की सरकार में गरीबों की पीड़ा बढ़ती ही जा रही है और अब भूख से मौत जैसी भयावह हकीकत समाज देख रहा है।

चेन्नई में बंगाल से गए एक मजदूर की मौत हो गई, क्योंकि उसके पास खाने के लिए एक दाना नहीं था और छह दिनों से वो भूख से तड़प रहा था। अंग्रेजी अखबार द हिंदू की खबर है कि प.बंगाल से 12 किसान मजदूर 3 सौ रूपए रोजी के वादे पर तमिलनाडु लाए गए थे। अच्छे काम और पैसे के झांसे में आकर ये मजदूर जब चेन्नई पहुंचे, तो यहां इन्हें न काम मिला, न पैसे और न लौटने का कोई साधन इनके पास बचा था। रेलवे स्टेशन पर ये मजदूर पिछले एक हफ्ते से बैठे हुए थे और भूख से तड़प रहे थे। जिसमें से एक ने आखिरकार दम तोड़ दिया और एक की हालत अभी नाजुक बताई जा रही है। भुखमरी से इस मौत के बाद प्रशासन हरकत में आया और अब बाकी मजदूरों को बचाया गया है। मृतक की पहचान समर खान के रूप में की गई है।

इस नाम के बाद अब भुखमरी से मौत के इस संगीन मामले को किस हद तक तोड़ा-मरोड़ा जा सकता है, इसकी कोई कल्पना नहीं की जा सकती। क्योंकि भाजपा के दस सालों के शासनकाल में अकल्पनीय चीजें भी सच होने लगी हैं। आंखों की शरम का जो वाक्यांश हुआ करता था, वह अब लगभग गायब है। इसलिए अरबपतियों की शादी में हाथी के लिए बनी खिचड़ी को खाकर पत्रकार धन्य होते हैं। प्राइम टाइम में हिंदू-मुसलमान पर तीखीं झड़पें करवाते हैं। किसी के घर के फ्रिज में रखे मांस के नाम पर उसे मौत के घाट उतार दिया जाता है। सरकारें प्रसाद में बने लड्डू को प्राथमिकता की सूची में सबसे पहले रखती हैं। तिरूपति में बने लड्डू शुद्ध घी के थे या उनमें जानवर की चर्बी मिली थी, इस पर 11 दिन का प्रायश्चित करने की विलासिता सरकार में बैठे लोगों के पास हो सकती है, लेकिन भूख से मरते आदमी के लिए शुद्धता या मिलावट से बड़ा सवाल उस रोटी का है, जो उसके हिस्से की थी, उसे पूरे हक और सम्मान से मिलनी चाहिए थी, लेकिन फिर भी उसे नहीं मिली।

राहुल गांधी ने हरियाणा में विजय संकल्प रैली में एक महत्वपूर्ण बात कही कि सम्मान जरूरी है, लेकिन गरीब की जेब में अगर पैसे नहीं हैं, तो फिर सम्मान का क्या मतलब। राहुल गांधी को सत्ता का मोह नहीं है, वो किसी पद के आकांक्षी नहीं हैं, इसलिए जब वो गरीबों के हितों की बात करते हैं, तो उसमें बनावटीपन नहीं दिखता, सच्चाई नजर आती है। राहुल गांधी ने ऊंचे मंचों पर चढ़कर अमृतकाल, विकसित भारत, पचास साल बाद के भारत का प्रवचन नहीं किया, बल्कि देश के चारों दिशाओं की यात्रा की है, हजारों किमी पैदल घूमे हैं, लोगों के बिल्कुल बीच में जाकर उनसे बात की है। इसलिए वो जानते हैं कि इस देश के लोगों के दुख-दर्द क्या हैं। इस दर्द का इलाज भी वो बता रहे हैं कि दो-तीन लोगों के हाथों में देश की पूरी संपत्ति देने की जगह इस पर सबकी बराबरी की हिस्सेदारी होनी चाहिए। हिस्सा किस तरह बांटा जाए, इसका समाधान जातिगत जनगणना से हो सकता है, ऐसा उनका विचार है। अगर भाजपा को या किसी और दल को इस सुझाव पर आपत्ति है, तो वह इससे बेहतर कोई उपाय पेश करे। लेकिन केवल कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के उठाए मुद्दों और दिए गए सुझावों का विरोध करने से तो समस्याएं सुलझेंगी नहीं।

सत्ता के ग्यारहवें साल में भी प्रधानमंत्री देश के गरीब और पिछड़े लोगों का जीवन स्तर ऊंचा करने के लिए वादे ही किए जा रहे हैं। 80 करोड़ लोगों को पांच किलो अनाज मुफ्त देने की योजना को भाजपा अगर अपनी उपलब्धियों में गिनती है, तब भी उससे सवाल किया जा सकता है कि ये पांच किलो अनाज समर खान और उनके साथियों तक क्यों नहीं पहुंचा। अब तक बेरोजगारी, कर्ज, परीक्षा में असफलता जैसे कारणों से होने वाली आत्महत्याएं समाज के लिए चिंता का विषय थीं। इस बीच कई घंटों के काम और नौकरी के कारण होने वाले तनाव से मौत की खबरें आईं। इन सबका उपाय सरकार के पास नहीं है और अब भुखमरी से मौत का मामला सामने आया है।

चेन्नई में बंगाल से गए एक मजदूर की मौत हो गई, क्योंकि उसके पास खाने के लिए एक दाना नहीं था और छह दिनों से वो भूख से तड़प रहा था। अंग्रेजी अखबार द हिंदू की खबर है कि प.बंगाल से 12 किसान मजदूर 3 सौ रूपए रोजी के वादे पर तमिलनाडु लाए गए थे। अच्छे काम और पैसे के झांसे में आकर ये मजदूर जब चेन्नई पहुंचे, तो यहां इन्हें न काम मिला, न पैसे और न लौटने का कोई साधन इनके पास बचा था।

चूंकि तमिलनाडु और प.बंगाल दोनों जगह भाजपा की सरकार नहीं है, इसलिए भूख से मौत की खबर को दबाने या इसे फर्जी ठहराने की कोशिश अब तक नहीं हुई है। बल्कि प.बंगाल के राज्यपाल आनंद बोस ने इसके लिए ममता बनर्जी की सरकार पर सवाल भी खड़े कर दिए हैं। इसमें एम के स्टालिन की सरकार को किस तरह घेरा जाएगा, यह भी देखना होगा। लेकिन भाजपा को याद रखना चाहिए कि दूसरे दलों पर उंगली उठेगी तो उस पर भी सवाल खड़े होंगे। जब हर साल 2 करोड़ रोजगार का वादा था, किसानों की आय दोगुनी होने का दावा था, किसान सम्मान निधि के नाम पर जय-जयकार करवाई जा रही है, तब काम की तलाश में प.बंगाल से तमिलनाडु जाने की मजबूरी क्यों हो रही है, इसका जवाब नरेन्द्र मोदी को देना ही चाहिए।

देश के 140 करोड़ लोगों को अपना परिवार बताने वाले नरेन्द्र मोदी अपने परिजन की भूख से मौत पर विचलित हो रहे हैं या नहीं, ये उन्हें बताना चाहिए। गांधीजी होते तो शायद ऐसी किसी घटना पर प्रायश्चित स्वरूप उपवास पर बैठ जाते। आज भी उनकी आत्मा शायद यह देख कर दुखी हो रही होगी कि उनकी जयंती पर लाखों रुपए खर्च करके भव्य कार्यक्रम हो रहे हैं और जिनके आंसू पोंछने की बात वे करते थे, उनके लिए भुखमरी के हालात हैं। मुंह में राम, बगल में छुरी की लोकोक्ति आज गांधी के संदर्भ में बिल्कुल खरी उतरती है। नाथूराम गोडसे ने किन लोगों के साथ, किन लोगों की मदद से और किनकी विचारधारा से प्रेरित होकर गांधी जी की हत्या की, यह खुला सच है। आज वही गोडसेवादी अखबारों और टीवी चैनलों में गांधी जयंती पर बड़े-बड़े इश्तिहार दे रहे हैं। मुंह से गांधीजी का नाम ले रहे हैं, और दिल में गोडसे के विचारों को पाल रहे हैं। इतनी चालाकी पर्याप्त नहीं थी, तो दस सालों में गांधी के विराट व्यक्तित्व को स्वच्छता के विचार तक सीमित करने की कोशिश की गई। आज भी देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वच्छ भारत दिवस मनाते हुए गांधीजी के स्वच्छता संबंधी विचारों को याद कर रहे थे। भाजपा के कुछ विज्ञापनों में स्वच्छता को सेवा मानने के विचार के जरिए नरेन्द्र मोदी को महात्मा गांधी के समतुल्य दिखाने की चेष्टा की गई। लेकिन थोड़ी देर के लिए छाए बादल अगर ये गुमान पाल लें कि सूरज को उन्होंने छिपा दिया है, तो वह गुमान सूरज की एक किरण से ही टूट जाता है। गांधीजी के विचारों को अपनी कुचेष्टा के बादल से छिपाने का भाजपा का गुमान भी इसी तरह एक न एक दिन टूटेगा ही।

# वर्तमान समय में बापू की बुनियादी तालीम

■ अजीत अवस्थी

वर्ष 1937 में जब वर्धा में 'नई तालीम' पर डॉ ज़ाकिर हुसैन समिति काम कर रही थी तो के टी शाह जैसे अत्यंत ही विद्वान शिक्षक और शिक्षाविद से गांधी जी ने पूछा - 'के टी, आप कैसी शिक्षा बना रहे हैं अपने बच्चों के लिए'? केटी ने जवाब दिया बापू आप ही बताइए ना- कैसी शिक्षा होनी चाहिए? इस पर गांधी जी ने उत्तर दिया - मान लो, मैं किसी एक कक्षा में जाता हूं और वहां एक सवाल पूछता हूं कि अगर मैंने एक सेब चार आने में खरीदा और उसे एक रुपए में बेच दिया तो मुझे क्या मिलेगा? अगर इस सवाल के जवाब में सारी कक्षा के बच्चे यह कह उठे कि 'आपको इस बेईमानी पर दो साल की सजा मिलेगी' तो मैं मान लूंगा कि हम शिक्षा का ईमान निभा रहे हैं। किसी चीज़ में जरूरत से ज्यादा मुनाफा कमाना देश के साथ बेईमानी है इसलिए हमें प्रयास यह करना चाहिए कि शिक्षा से ऐसे संस्कार और मूल्य दिए जाएं जिससे बच्चों में ईमानदारी का गुण विकसित हो।

गांधी जी का शिक्षा दर्शन बेहद व्यापक और जीवनोपयोगी है। वे मानते थे कि शिक्षा मनुष्य में निहित सर्वश्रेष्ठ को बाहर लाने की क्षमता है। उन्होंने शिक्षा के मुख्य सिद्धातों, उद्देश्यों तथा शिक्षा की योजना को मूर्त रूप देने का प्रयत्न किया।

बापू के शिक्षा महाअख्यान की चाहना यही थी कि बच्चे को अक्षर ज्ञान के साथ उसके कौशल विकास पर ध्यान देकर उसे स्वरोज़गार की दिशा दी जाए। साथ ही बच्चों में कल्पनाशीलता, जिज्ञासा, तर्कशीलता पूरी तरह से विकसित हो ताकि वह ईमानदारी और बेईमानी में फर्क समझे। बच्चों में यह समझ भी विकसित हो कि सही क्या है

गांधी जी शिक्षा के विकास का उद्देश्य बुद्धि विकास तक सीमित नहीं मानते थे, उनकी दृष्टि में शरीर के साथ-साथ आत्मा का विकास भी शिक्षण का अंग होगा चाहिए। 31 जुलाई 1937 के 'हरिजन' में उन्होंने लिखा-'शिक्षा से मेरा अभिप्राय यह है कि बालक की, प्रौढ़ के शरीर, मन तथा आत्मा को उत्तम क्षमताओं को उद्धरित किया जाए और बाहर प्रकाश में लाया जाए। अक्षर-ज्ञान न तो शिक्षा का अंतिम लक्ष्य है और ना उसका आरंभ। यह तो मनुष्य की शिक्षा के कई साधनों में से केवल एक साधन है। अक्षर-ज्ञान पाना अपने आप में शिक्षा नहीं है। इसलिए मैं बच्चों की शिक्षा का श्रीगणेश उसे कोई उपयोगी दस्तकारी सिखाकर और जिस क्षण से वह अपनी शिक्षा का आरंभ करे, उसी क्षण से उसे उत्पादन के योग्य मानकर करूंगा। मेरा मानना है कि इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली में मस्तिष्क और आत्मा का उच्चतम विकास संभव है।'

गांधी जी की अध्यक्षता में वर्ष 1937 वर्धा में 'अखिल भारतीय शैक्षिक सम्मेलनज्आयोजित हुआ था। इस सम्मेलन में विनोबा भावे, काका कालेलकर तथा ज़ाकिर हुसैन भी सम्मलित हुए थे। सम्मेलन के बाद एक प्रस्ताव पास किया गया। इस प्रस्ताव में मोटे तौर पर तीन बिंदुओं पर जोर दिया गया- बच्चों की 7 वर्ष तक राष्ट्रव्यापी निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा, शिक्षा का माध्यम मातृभाषा और सबसे महत्वपूर्ण बात थी कि इस दौरान दी जाने वाली शिक्षा हस्तशिल्प या उत्पादक कार्य पर केंदित हो। इसके अलावा पर्यावरण हस्तकला, अंक गणित, समाज शास्त्र, भूगोल-इतिहास की शिक्षा की व्यवस्था भी हो। गांधी जी इन विषयों के साथ ही प्राथमिक स्तर पर बच्चों को संगीत-कला और व्यायाम की शिक्षा को भी अनिवार्य समझते थे। शिक्षा के संदर्भ में गांधीजी ने कहा-'शिक्षा की मौजूदा व्यवस्था न सिर्फ फिजूलखर्ची वाली है, बल्कि सचमुच ही नुकसानदायक भी है। लड़के अपने अभिभावकों से, अपने गांवों से, अपने पारंपरिक कौशलों से बिछुड़ जाते हैं। वे बेचारगी में छोटे-मोटे बाबूगीरी वाले कामों पर निर्भर हो जाते हैं और तो और बुरी आदतें व शहरी नकचढ़ापन अपना लेते हैं तथा गांव में किए जाने वाले सारे शारीरिक श्रम को, जिन पर हम सभी निर्भर हैं, जरिया समझने लगते हैं।'

गांधीजी अपने काल में शिक्षा को जिस नजरिये से देखकर उस पर विचार सेतु बना रहे थे, सौ बरस बाद के भारत की बदली हुई सामाजिक, भौगोलिक, आर्थिक और राजनीतिक परिस्थितियों के बीच क्या उस नजरिए का सेतु ज्यों का त्यों खड़ा रह सकता है? बापू ने शिक्षा में श्रम की प्रतिष्ठा पर जोर दिया। उस समय देश की सामाजिक परिस्थितियां ऐसी शिक्षा व्यवस्था की मांग कर रही थी। इसी तासीर को समझ कर उन्होंने सुझाव दिए कि प्राइमरी शिक्षा में ट्रेडिशनल श्रम आधारित कामों को सिखाया जाना चाहिए। जैसे कुम्हार के पैतृक व्यवसाय वाले बच्चों को मिट्टी के बर्तन, खिलौनो आदि के निर्माण को सिखाना, बढ़ई के पैतृक व्यवसाय वाले बच्चों को कारपेंटर के काम को सिखाना, कृषि आधारित व्यवसाय वाले बच्चों को कृषि, बागवानी आदि को सिखाना। ताकि बच्चे शिक्षा प्राप्त करने के बाद श्रम करने से जी न चुराएं और मानव श्रम आधारित अपने पैतृक व्यवसाय को आगे ले जाएं।

आज के परिदृश्य में देश की तासीर वैसी नहीं रही है। परंपरागत पैतृक व्यवसाय श्रम आधारित नही रह गए है। अब संसाधनों की उपलब्धता है और मशीनरी का युग है। तब श्रम आधारित शिक्षा पर ही ज़ोर देना कितना उचित होगा? इसे दूसरे तरह से सोचने पर यह ज़रूर लगता है कि बापू के सुझावों को अबके समय के हिसाब से बदलाव करके मान्यता दी जानी चाहिए। जैसे प्राथमिक स्तर पर कई तरह के मशीनरी काम को सिखा कर बच्चों में नए तरह के कौशल विकसित किए जा सकते हैं। यद्यपि ये वो दौर है जब बच्चा स्कूल जाने के पहले ही मोबाइल, कंप्यूटर पर तरह-तरह के गेम, सर्चिंग, सर्फिंग करना सीख जाता है। तब यह कहा जा सकता है कि जिन कामों को बच्चे बारहवीं कक्षा के बाद आईटीआई के माध्यम से ट्रेड लेकर सीखते थे, अब प्राथमिक कक्षाओं में सिखाना आसान हो चला है। कई तरह के व्यावसायिक कौशल विकास पर आधारित शिक्षा दी जा सकती है, जिससे बच्चे अक्षर ज्ञान के साथ-साथ उन योग्यताओं को भी हासिल कर सकेंगे जो भविष्य में उन्हें आत्मनिर्भर और रोजी-रोटी कमाने के काम में आएगी। लेकिन यह भी जरूरी है की शिक्षा में श्रम का तिरस्कार ना किया जाए।

बापू के शिक्षा महाअख्यान की चाहना यही थी कि बच्चे को अक्षर ज्ञान के साथ उसके कौशल विकास पर ध्यान देकर उसे स्वरोज़गार की दिशा दी जाए। साथ ही बच्चों में कल्पनाशीलता, जिज्ञासा, तर्कशीलता पूरी तरह से विकसित हो ताकि वह ईमानदारी और बेईमानी में फर्क समझे। बच्चों में यह समझ भी विकसित हो कि सही क्या है और गलत क्या। बच्चों को श्रम, ईमानदारी, तर्कशीलता, कल्पनाशीलता की कॉकटेल घुट्टी पिलाई जाए।



## ललित सुरजन की कलम से

## विराट व्यक्तित्व को समझने की अधूरी कोशिश

*'वर्तमान में गांधी की क्या कोई प्रासंगिकता है? क्या भारत को या दुनिया को उनकी वैसी ही ज़रुरत है जो उनके जीवनकाल में थी? आज के वैश्विक परिदृश्य में क्या उनसे उसी तरह प्रेरणा ली जा सकती है, जैसी आज से चालीस-पचास साल पहले तक ली जाती थी? फिल्मों में कोर्टरूम और पुलिस थाने के दृश्यों में गांधी की तस्वीर लगभग अनिवार्य तौर पर देखने मिलती है, सरकारी दफ्तरों और इमारतों में भी उनके चित्र दीवार पर बदस्तूर टांगे जाते हैं। इस औपचारिकता का निर्वाह वे सत्ताधीश भी करते हैं जिनके मन में गांधी नहीं, गोडसे बसता है। इसीलिए वे मजबूरी का नाम महात्मा गांधी का मुहावरा चलाते हैं, जिसका प्रतिउत्तर मित्र लेखक पुरुषोत्तम अग्रवाल 'मजबूती का नाम महात्मा गांधी' से देते हैं। आज भी चरखा चलाने और खादी पहनने वाले अनेकानेक जन मजबूरी और मजबूती के बीच के भारी अंतर को नहीं समझ पाते। गांधी एक छाया और छायाचित्र की तरह हमारे राष्टीय जीवन में मौजूद हैं। उन्हें शायद किसी दिन कल्कि अवतार भी घोषित कर दिया जाए! किंतु बुनियादी प्रश्न तो गांधी के विचारों को समझने व आत्मसात करने का है। वे सब जो गांधी के नाम पर यत्र-तत्र-सर्वत्र समारोह कर रहे हैं, वे गांधी जीवन दर्शन को यदि यत्किंचित भी समझ पाएंगे तो स्वयं अपना भला करेंगे।'*

**(देशबन्धु में 2 अक्तूबर 2019 को प्रथम पृष्ठ पर प्रकाशित विशेष संपादकीय)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2019/10/blog-post.html

## पावन प्रसंग

## शक्ति और साहस का प्रतीक है नवरात्रि पर्व

नवरात्रि पर्व ही अकेला ऐसा पर्व है जिसे शक्ति और क्षमता का उत्सव कहा जा सकता है। नौ दिन तक पूजे जाने वाले मां दुर्गा के नौ रूप, स्त्री शक्ति की नौ कलाओं के परिचायक है। हम देखें तो मां दुर्गा के नौ रूपों में हर रूप में स्त्री शक्ति के अलग-अलग पहलू देखने को मिलते हैं। मां अम्बे के नौ स्वरूपों के प्रतीकवाद को समझकर हम समाज में महिलाओं की भूमिका और दुनिया में उनके योगदान को बेहतर ढंग से समझ सकते हैं।

नवरात्रि का आध्यात्मिक और धार्मिक महत्व अत्यंत गहराई लिए हुए है। इन नौ दिनों में से प्रत्येक दिन देवी दुर्गा के एक पहलू का प्रतिनिधित्व करता है। इसे ही हम महिला सशक्तिकरण से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ा हुआ कह सकते हैं। यह पर्व महिलाओं में छिपी अंतर्निहित शक्ति और क्षमता की याद दिलाता है। यह पर्व यह भी बताता है कि कैसे महिलाएं दृढ़ संकल्प और दृढ़ता के साथ बाधाओं और चुनौतियों को परास्त कर दिखाती हैं। वैसे भी देवत्व का सर्वोच्च रूप स्त्री को ही माना जाता है। शक्ति की देवी को मां जगदम्बे के रूप में जाना जाता है। ब्रह्मांडीय मां अपने भक्तों की रक्षक और बुराई का नाश करने वाली है। हमारे धर्म ग्रंथों में यह स्वीकार किया गया है कि महान शक्ति से सुशोभित मां ने स्वयं को तीन मुख्य रूपों में प्रकट किया- महालक्ष्मी, महासरस्वती और महाकाली। मां के यही तीन स्वरूप तीन-तीन और स्वरूपों में प्रकट हुए और फिर नौ दुर्गा के रूप में सामने आए। इन्हें हम मां शैलपुत्री, मां ब्रह्मचारिणी, मां चंद्रघंटा, मां कुष्मांडा, मां स्कंद माता, मां कात्यायनी, मां कालरात्रि, मां महागौरी तथा मां सिद्धिदात्री के नाम से पूजते आ रहे हैं। जिस प्रकार हम मां के नौ स्वरूपों को पूजते हैं और अपनी हर मनोकामना पूर्ण करते हैं, ठीक उसी तरह आज धरती पर स्त्री ऊर्जा के एक ज्वलंत उदाहरण के रूप में महिलाएं खड़ी हैं। यही कारण है कि दुर्गा पूजा महिलाओं का उत्सव बन गया और 'मां दुर्गा' महिला सशक्तिकरण का पर्याय।

मां जगदम्बे का प्रादुर्भाव क्यों और कैसे हुआ? यह भी हमारे शास्त्र में उल्लेखित है। देवी पुराण में कथा मिलती है कि शारीरिक रूप से भैंसा और राक्षस के रूप में 'महिषासुर' ने ब्रह्मा जी से वरदान प्राप्त कर लिया कि कोई भी मनुष्य उसे पराजित न कर पाए। इसके बाद उसी महिषासुर ने पृथ्वी और स्वर्ग में विनाशकारी हाहाकार मचा दिया। स्वर्ग के देवताओं ने सामूहिक रूप से ब्रह्मा, विष्णु, महेश के सामने अपनी उक्त चिंता को प्रकट किया। यही वह समय था जब बारी शक्ति का जन्म हुआ। त्रिपुरारी देवों ने अपनी शक्तियों को एकत्र कर एक 'योद्धा महिला' का प्रतिरूप तैयार किया। यही वह महाशक्ति थी जो मां जगदम्बे के रूप में प्रकट हुई। एक महिला को पूरी महिला सेना बनाकर देवताओं ने अनेक शक्तियां और हथियार प्रदान किए। विष्णु जी ने उन्हें सुदर्शन चक्र दिया। शिव जी ने त्रिशूल और भगवान गणेश ने तलवार प्रदान की। इसके उपरांत वही दिव्य शक्ति अपनी सवारी शेर पर सवार होकर स्वर्ग से उतरीं और महिषासुर को ललकारने उसके महल में जा पहुंचीं। दस दिन तक चले भीषण युद्ध में मां दुर्गा ने दसवें दिन महिषासुर का सिर काटकर अपने दैवीय क्रोध का प्रदर्शन किया। नवरात्रि के आगमन के साथ ही यह हमें स्मरण कराता है कि महिलाएं प्राचीन काल से ही सशक्त थीं। इसे ही हमने देवी पूजा के अनुष्ठानों में व्यापक रूप में देखा और अनुभव किया है।

**सूर्यकांत मिश्रा**

## आपके पत्र

## विकास की दौड़ में पीछे छूटता आदिवासी बहुल गांव

सारगंढ-बिलाईगढ़ जिला मुख्यालय से लगभग 50 किमी दूर केराचक्का गांव आज भी कई प्रकार की मूलभूत सुविधाओं से वंचित नज़र आता है। गारडीह ग्राम पंचायत से महज़ दो किमी दूर स्थित इस गांव में 95 प्रतिशत आदिवासी समुदाय निवास करता है। जिसमें खैरवार और बरिहा समुदायों की बहुलता है। यहां लगभग 80 परिवार रहते हैं। गांव तक पहुंचने के लिए एक टूटी फूटी कच्ची सड़क से होकर गुज़रनी पड़ती है। बारिश के दिनों में कीचड़ से लबालब होने के कारण इस सड़क से होकर गुजरना लगभग नामुमकिन हो जाता है। इस दौरान न केवल गांव में आवागमन ठप्प हो जाता है बल्कि बच्चों की शिक्षा भी प्रभावित होती है। खराब सड़क के कारण वर्षा के दिनों में बच्चों का स्कूल आना-जाना रुक जाता है। इस संबंध में गांव में संचालित शासकीय प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक बताते हैं कि इस स्कूल में 23 बच्चों का नामांकन है। लेकिन वर्षा के दिनों में इक्का-दुक्का बच्चे ही पढ़ने आते हैं। गांव का रास्ता इतना खराब है कि बच्चों को स्कूल आने-जाने में बहुत परेशानी होती है। वह कहते हैं कि वर्षा के दिनों में जब यहां की सड़क आम आदमी के चलने लायक नहीं होती है तो बच्चों से इससे गुज़र कर स्कूल आने की आशा कैसे की जा सकती है? उनके अनुसार इसका सबसे नकारात्मक प्रभाव किशोरियों की शिक्षा पर पड़ता है। अधिकतर अभिभावक वर्षा के दिनों में उन्हें स्कूल नहीं भेजते हैं। वह बताते हैं कि इस गांव से लोग रोजगार की तलाश में परिवार सहित अन्य ज़िलों और दूसरे राज्यों में पलायन करते हैं इसलिए बच्चे स्कूल में नामांकित तो रहते है लेकिन नियमित रूप से स्कूल नहीं आ पाते हैं। स्कूल के बगल में रहने वाले 35 वर्षीय गोकुल बताते हैं कि इस स्कूल में एक ही शिक्षक की नियुक्ति है। जिनके पास पढ़ाने से अधिक ऑफिस के कागज़ी काम को पूरा करने की अतिरिक्त ज़िम्मेदारी भी होती है जिसके कारण वह पूरा समय बच्चों को दे नहीं पाते हैं। वहीं रोज़गार की तलाश में परिवार सहित पलायन बच्चों को शिक्षा से दूर कर देता है। आर्थिक समस्या के कारण परिवार भी शिक्षा के महत्व से दूर हो जाता है।

केराचक्का गांव में ही ग्राम पंचायत गारडीह भवन स्थापित है। स्थानीय निवासी कहते हैं कि पंचायत चुनाव में यह गांव महिला आरक्षित सीट रही। जिस पर गारडीह गांव की श्यामबाई चौहान को निर्विरोध चुना गया था। गांव में समस्याओं पर बात करते हुए वह कहते हैं कि लोगों के पास रोज़गार की कमी होने से उनकी आर्थिक स्थिति काफी कमज़ोर है। ग्राम पंचायत में भी महीने में एक बार राशन डीलर आता है उस दिन गांव वालों को राशन मिलता है। ग्राम पंचायत की बैठक भी काफी कम होती है जिसके कारण गांव की कई समस्याएं समय पर पूरी नहीं हो पाती हैं। अधिकतर समय ग्राम पंचायत बंद होने के कारण लोगों के बहुत से काम समय पर पूरे नहीं हो पाते हैं जिससे गांव वालों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जिला मुख्यालय से दूर दराज़ होने के कारण यह गांव विकास के दौड़ में बहुत पीछे छूट जाता है। विकास की सबसे प्रमुख पक्की सड़क होती है, जिसका केराचक्का गांव में अभाव नज़र आता है। केवल केराचक्का गांव ही नहीं बल्कि राज्य के कई गांव ऐसे हैं जहां आज भी पक्की सड़कें नहीं होने के कारण ये गांव विकास में बहुत पीछे रह गए हैं।

**छोटू सिंह रावत, अजमेर, राजस्थान**

## सार-समाचार

### गांधी जयंती पर नगर परिषद ने निकाली स्वच्छता जागरूक रैली



**सांची, देशबन्धु।** गांधी जयंती के अवसर पर नगर परिषद ने स्वच्छता जागरूक रैली निकाली तथानगर को स्वच्छ बनाने की शपथ दिलाई। जागरूक रैली नगर के विभिन्न मार्ग से होते हुए नप कार्यालय पर समापन हुआ। इस रैली में नगर को स्वच्छ बनाने का संदेश दिया गया इसमें बडी संख्या में नगर के लोगों, स्कूली छात्रों ने भाग लिया। इस अवसर पर स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत लोगों को शपथ दिलाई गई ।इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष पप्पू रेवाराम, उपाध्यक्ष राजेंद्र राजपूत अतिरिक्त तहसीलदार नियति साहू, सीएमओ अशोक वर्मा एवं पार्षद स्कूली छात्रों व नगर के गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। इसके पूर्व नगरपरिषद कार्यालय में महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया ।

### पितरों का श्राद्ध तर्पण कर दी विदाई



**सिलवानी, देशबन्धु।** सर्वपितृ अमावस्या पर बुधवार को विधि-विधान से सभी पितरों का श्राद्ध-तर्पण कर विदाई दी गई। सनातन संस्कृति में सर्वपितृ अमावस्या का विशेष महत्व है। अगर कोई किसी कारणवश तर्पण, श्रद्धा, पिंडदान करना भूल जाता है तो मोक्षदायिनी सर्वपितृ अमावस्या के दिन कर सकता है। इस दिन पवित्र नदियों, जलाशय में स्नान कर जल, तिल में सफेद फूल कुशा के साथ तर्पण कर पितरों को जलांजलि दी जाती है। सर्वपितृ अमावस्या के दिन पीपल की पूजा का विशेष महत्व है।

### चित्रगुप्त मंदिर में हुई महाआरती



**रायसेन, देशबन्धु।** भगवान श्री चित्रगुप्त राधा कृष्ण मंदिर में आज डॉक्टर अमित श्रीवास्तव नकतरा वालों की ओर से अपनी माताजी उमा देवी श्रीवास्तव की पुण्यतिथि पर महाआरती का आयोजन किया गया। समाज के साथ-साथ नगर के भी गणमान्य नागरिकों ने उपस्थित हुए।

### शूटर प्रगति को मिली नियुक्ति



**रायसेन, देशबन्धु।** तात्या टोपे राज्य खेल परिसर भोपाल में मुख्यमंत्री की उपस्थिति में पेरिस ओलंपिक, पैरालंपिक में मध्यप्रदेश के पदक विजेता खिलाडि़यों का सम्मान किया गया। साथ ही विक्रम पुरस्कार प्राप्त खिलाडि़यों को शासकीय सेवा के नियुक्ति पत्र दिए गए। कार्यक्रम में जले की विक्रम पुरस्कार प्राप्त अन्तर्राष्ट्रीय शूटिंग खिलाड़ी प्रगति दुबे को जल संसाधन विभाग में नियुक्ति पत्र खेल और युवा कल्याण एवं सहकारिता विभाग मंत्री विश्वास कैलाश सारंग द्वारा दिया गया। प्रगति की उपलब्धि पर कलेक्टर अरविन्द दुबे, एसपी पंकज कुमार पांडे, जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी जलज चतुर्वेदी ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

फायर ब्रिगेड ने पाया आग पर काबू

# खाद से भरा ट्रक पलटा, लगी आग, ड्राइवर ने कूदकर बचाई जान



**सिलवानी, देशबन्धु।** बुधवार की सुबह राजमार्ग 44 गैरतगंज गाडरवारा के जमुनिया घाट के मोड़ पर खाद से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया और आग लग गई, ड्राइवर ने कूदकर बचाई जान।सूचना मिलने पर सिलवानी पुलिस मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड से आग पर काबू पाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अमन ट्रांसपोर्ट का ट्रक क्रमांक एमपी 49 एच 1144 का चालक हंसराज ठाकुर उम्र 50 साल इंदौर से खाद भरकर नरसिंहपुर जा रहा था कि राजमार्ग 44 के जमुनिया घाट के अंधे मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलट गया और आग लग गई, सूचना मिलने पर थाना प्रभारी डीपी सिंह स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे और नगर परिषद सिलवानी की दोनों फायर ब्रिगेड को बुलाकर आग पर काबू पाया। ड्राइवर हंसराज ठाकुर को सिविल हॉस्पिटल सिलवानी भेजा गया जहा उसके हाथ और पैर में चोट होने पर भर्ती कर इलाज किया जा रहा हैं। जानकारी मिलने पर नायब तहसीलदार भारत मांडते भी घटना स्थल पहुंचे। पुलिस और नगर परिषद के कर्मचारियों की कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया। वही पितृ मोक्ष अमावस्या होने से राजमार्ग पर काफी यातायात होने से पुलिस को व्यवस्था बनाने में पसीना बहाना पड़ा। ड्राइवर हंसराज ठाकुर ने बताया कि मैं इंदौर से खाद लेकर नरसिंहपुर जा रहा था कि ब्रेक फेल होने से अनियंत्रित होकर पलट गया और आग लग गई। मैंने कूदकर जान बचाई।

# जनशिक्षकों ने राज्यमंत्री को अनुग्रह पत्र सौंपकर की वेतन भुगतान की मांग



**रायसेन, देशबन्धु।** राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा जिला शिक्षा केन्द्र रायसेन को विगत दो माह से आवंटन प्रदान नही किए जाने के कारण प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत जनशिक्षकों का माह अगस्त से वेतन भुगतान नहीं किया गया है। इस संबंध में मंगलवार को उदयपुरा सिलवानी के प्रभावित जनशिक्षकों द्वारा देवरी राम मंदिर परिसर में एक कार्यक्रम में आए राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल को अनुग्रह पत्र सौंपा। पत्र के माध्यम से मंत्री से निवेदन किया कि राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल द्वारा बंटन स्वीकृति करवाकर दो माह का वेतन भुगतान करवाया जाए।

अनुग्रह पत्र देने वालों में जिला महामंत्री जनशिक्षक संघ उदयपुरा मुकेश कुमार श्रीवास्तव, बीएसी एन.पी. ऊमरे, जनशिक्षक लखन पवैया, रेवाशंकर भार्गव, दिनेश मेहरा, संदेश साहू, राजाराम अहिरवार, संजय राजपूत, महेश मेहरा, रसराज राजपूत, बी.एस. मांड्रे उदयपुरा एवं जनशिक्षक अशोक शर्मा सिलवानी आदि उपस्थित रहे।

# गांधी जयंती पर स्वच्छता ही सेवा अभियान में भागीदारी करने वालों का किया सम्मान



**सिलवानी, देशबन्धु।** गांधी जयंती के उपलक्ष्य में नगर परिषद अध्यक्ष सहित जन प्रतिनिधियों के द्वारा सुबह 9 बजे गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया एवं माननीय प्रधानमंत्री द्वारा वर्चुअल माध्यम से स्वच्छता दिवस कार्यक्रम एवं अमृत योजना अंतर्गत लोकार्पण, शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य एवं विभागीय मंत्री, राज्य मंत्री जी की गरिमामयी उपस्थिति में बुधवार सुबह 10 बजे से 12 बजे तक कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर, भोपाल में राज्य स्तरीय आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम के लाईव प्रसारण की व्यवस्था कार्यालय नगर परिषद सिलवानी में की गई तथा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चले स्वच्छता ही सेवा अभियान का समापन कार्यक्रम रखा गया। जिसमे स्कूल के छात्रों, छात्राओं तथा सफाई मित्र एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान में भागीदारी सुनिश्चित करने वाले नागरिकों सम्मान प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी प्रकाश चंद्र शाक्य, अध्यक्ष रेशु विभोर नायक, पार्षद प्रदीप कुशवाहा, लखन मेहरा एवं पार्षद प्रतिनिधि मोहन साहू, गुड्डू भाई, बाबू भैया उपस्थित रहे।

# गांधी और शास्त्री लोगों के मन में आज भी विराजमान: मिश्र

▸ सांची विवि में हिन्दी पखवाड़े का समापन



**रायसेन, देशबन्धु।** सांची बौद्ध -भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में हिन्दी पखवाड़े के समापन पर महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री के विचारों में समानता पर चर्चा हुई। जन्म दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निदेशक, दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान डॉ. मुकेश कुमार मिश्र ने गांधी और लालबहादुर शास्त्री जी के विचारों में समानता बतलाते हुए कहा की गाँधी और शास्त्री लोगों के मन में आज भी विराजमान हैं। बुद्ध के बाद विदेशों में गांधी के अलावा और कोई अभी तक नहीं पूजा जाता है। इसका कारण महज इतना रहा की विश्वभूमि को उन्होंने शांति का सन्देश दिया था। अध्यक्षयीय उद्बोधन में विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो वैद्यनाथ लाभ ने कहा कि हमें अपने जीवन को सफल बनाने के लिए महापुरुषों को स्मरण करते हुए कम से कम एक संकल्प लेने के साथ ही अपने जीवन में उस लिए संकल्प के साथ जीने का भरसक प्रयास करना चाहिए। उन्होंने गाँधी जी के विश्व बंधुत्व और करुणा के साथ गाँधी जी के ट्रस्टीशिप के सिद्धांत को भी विस्तार से समझाया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. अल्केश चतुर्वेदी ने स्वागत वक्तव्य तथा महात्मा गाँधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के योगदान पर अपनी बातें रखी। इस अवसर पर हिन्दी विभाग द्वारा हिंदी पखवाड़ा में आयोजित विविध प्रतियोगिताओं के अंतर्गत प्रथम, द्वितीय, तृतीय, स्थान प्राप्त किए छात्रों - छात्राओं को पुरस्कार दिये गए। हिन्दी विभाग प्रभारी डॉ राहुल सिद्धार्थ की अगुवाई में युवा कवि सम्मेलन, भाषण प्रतियोगिता, निबंध, कविता पाठ जैसे विविध आयोजन हिन्दी पखवाड़ा में किये गये।

# शारदीय नवरात्र आज से: माता के दरबारों में लगेगा श्रद्धालुओं का तांता

## प्रतिमाओं को अंतिम आकार देने में जुटे कलाकार



**सिलवानी, देशबन्धु।** शारदेय नवरात्रि के पावन अवसर पर अनेक स्थानों पर शक्ति की उपासना के लिए पंडालों का निर्माण करके दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना की तैयारी की जा रही है। अधिकांश पंडाल बन कर तैयार हो गए हैं उनमें प्रतिमा को विराजमान करने के लिए आज सुबह से ही समितियों के सदस्यों का अपने वाहन लेकर कलाकारों के पास पहुंचना आरंभ हो जाएगा। नगर में कई कलाकारों के द्वारा मूर्तियों का निर्माण किया जा रहा है। जिसके कारण बहुत कम प्रतिमाएं बाहर से तैयार होकर आती हैं। नगर में नगर के कलाकारों के द्वारा प्रतिमाओं का निर्माण किया जाने लगा है जो यहां से सबसे अधिक प्रतिमाएं ग्रामीण अंचलों में विराजमान के लिए जाती है। प्रतिमाओं को अंतिम रूप प्रदान करने के लिए बुधवार की रात को कलाकार रंग भरने का कार्य किया। जिन समिति वालों ने कलाकारों को देर से आर्डर दिया है। ऐसे लोगों की प्रतिमाएं तैयारी का कार्य चल रहा है। आज सुबह से ही दुर्गा प्रतिमाएं पंडालों में विराजमान होने के लिए गाजे बाजे के साथ विभिन्न वाहनों से गांव स्थित पंडाल स्थल के लिए रवाना होगी।

# पीएमश्री विद्यालय में मनाई गांधी और शास्त्री जयंती



**बाड़ी, देशबन्धु।** महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम समस्त छात्रों, प्राचार्य,उप प्राचार्य और शिक्षकों ने दोनों महापुरुषों के छायाचित्रों पर पुष्प अर्पण एवं दीप प्रजवलन कर कार्यक्रम शुरू किया। इस अवसर पर गांधीजी के प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम का गायन बच्चों द्वारा किया गया। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में गांधीजी को शांति का प्रणेता और पक्षधर बताते हुए उनके जीवन से सीख लेने की बात कही। वही लाल बहादुर शास्त्री का जीवन विषम परिस्थितियों में से निकलकर सर्वोच्च पद पर पहुंचने का एक सर्वोच्च उदाहरण है उनके जीवन से हमें सत्य बोलने की प्रेरणा लेना चाहिए। उप प्राचार्य द्वारा दोनों महापुरुषों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की धरोहर बताया और बच्चों से उनके आदर्शों पर चलकर अपने जीवन को सफल बनाने की बात कही। इसके पश्चात सभी ने विद्यालय परिसर मे साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।

# मंत्री पटेल ने लगाई झाड़ू, महामाया चौक के पास की सफाई



**रायसेन, देशबन्धु।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अंतिम दिन राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने महामाया चौक पर महात्मा गांधी प्रतिमा कर माल्यार्पण किया। इसके बाद सडक़ पर झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। इसके बाद वार्ड नंबर 11 में आयोजित कार्यक्रम में स्वच्छता मित्रों को सम्मानित किया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा अधिकारी उपस्थित

## स्काउट गाइड ने किया शांति पाठ, संभागीय प्रशिक्षण केंद्र पर किया आयोजन



**रायसेन, देशबन्धु।** भारत स्काउट एवं गाइड संभागीय मुख्यालय भोपाल के तत्वाधान में संभागीय प्रशिक्षण केंद्र खरबाई में तृतीय सोपान जांच शिविर एवं निपुण रोवर रेंजर शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागियों ने अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के अवसर पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया। प्रार्थना सभा में प्रातः स्मरणीय गुरु वंदना, सरस्वती वंदना, रघुपति राघव राजा राम तथा शांति पाठ आदि का गायन किया। आयोजन में भोपाल संभाग के अंतर्गत समस्त जिले भोपाल, सीहोर, विदिशा, रायसेन, राजगढ़ के स्काउट गाइड एवं शिक्षक उपस्थित हुए। प्रार्थना सभा का संचालन सहायक राज्य संगठन आयुक्त स्काउट राजेश मेवाड़ी द्वारा किया गया। सहयोगी के रूप में हरिहर चतुर्वेदी, सुशील बिल्लोरे, संजू मेवाड़, सतीश जाट, किरण कोजी, निशा आदि शिक्षकों का योगदान रहा।

# नवरात्रि: मातारानी के आगमन के लिए सजे पंडाल

## दुर्गाउत्सव के साथ ही बाजारों में भी बढ़ेगी रौनक, दुकानों पर पूछ परख शुरू



**रायसेन, देशबन्धु।** बुधवार से नवरात्रि पर्व प्रारंभ हो रहा है। शुभ मुहूर्त में घटना स्थापना और पांडालों में माता की प्रतिमा स्थापना के साथ लोग नौ दिन तक माता की भक्ति में रमे रहेंगे। भक्ति और आराधना के साथ आज से बाजारों में भी बूम आएगा। खेतों में खड़ी फसलें अच्छी उपज का संकेत दे रही हैं, अच्छी बारिश भी हुई है। ऐसे में अगले महीनों में बाजारों में भी बहार बनी रहेगी। इसी उम्मीद में व्यापारी भी तैयारियां कर चुके हैं। नवरात्रि शुरू होने से पहले ही दुकानों पर पूछ परख बढ़ गई है। लोग शुभ मुहूर्त में खरीदी के लिए बुकिंग भी करने लगे हैं। जिलेभर में नवरात्रि को लेकर पांडालों में तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। आयोजन समितियों ने बड़े-बड़े पांडाल सजाकर माता रानी का स्वागत करने की तैयारी की है। जिला मुख्यालय पर लगभग 80 स्थानों पर पांडाल सजाए गए हैं। जिनमें आज शुभ मुहूर्त में माता की प्रतिमा स्थापित की जाएंगी।


**गरबे की रहेगी धूम:** इस बार नवरात्रि में चार दिन गरबा की धूम भी रहेगी। शहर में पहली बार गरबा महोत्सव का आयोजन होगा। जिससे लोगों में खासा उत्साह है। महिलाओं, युवतियां गरबा का अभयास कर रही हैं। छह अक्टूबर को श्रीकृष्ण-राधा मंदिर परिसर में गरबा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिसमें केवल समाज के लोगों की ही भागीदारी होगी। इसी तरह संस्कृति गरबा महोत्सव द्वारा नगर के दशहरा मैदान पर सात से नौ अक्टूबर तक तीन दिन गरबा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

## नवरात्रि पर्व मनाने तैयारियां पूरी, नौ दिन गूंजेंगे माता के जयकारें



**सांची, देशबन्धु।** नगर में नवरात्रि पर्व की तैयारियां पूरी हो चुकी है। इसके लिए कई आकर्षक झांकियां भी तैयार की गई है। इनमें गुरुवार से नौ दिनों तक मां दुर्गा के नौ रूपों के दर्शन होगे। नवरात्रि पर्व के पहले दिन ही मां दुर्गा विराजमान हो जायेगी नगर में जगह जगह मां दुर्गा को विराजमान कराने तैयारी श्रद्धालुओं द्वारा पूरी कर ली गई है। आज पहले दिन मां दुर्गा मां शैलपुत्री के रूप में पूजी जाएगी। दूसरे दिन मां ब्रम्हचारिणी, तीसरे दिन मां चंद्र घंटा, चौथे दिन मां कूष्माण्डा, पांचवें दिन मां स्कंद, छटवें दिन मां कात्यायिनी, सातवें दिन मां कालरात्रि, आठवें दिन मां महागौरी और नौवें दिन मां सिद्धि दात्री की पूजा की जाएगी। नवरात्रि में लगातार नौ दिनों तक श्रद्धालु उपास करते हैं तथा बहुत से श्रद्धालु नंगे पांव रहकर उपासना में लीन रहते है। महिलाएं पुरुष, बच्चे प्रात:काल से ही मंदिरों में पहुंच कर जलाभिषेक करते हैं।

# विकसित भारत के निर्माण के लिए पिछड़ी जातियों का विकास आवश्यक है : वर्मा



**सीहोर, देशबन्धु।** देश में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति को अपनी केवल एक ही जाति याद रखनी चाहिए और वह जाति है हिंदुस्तानी। एक भारत, श्रेष्ठ भारत एवं विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए हमें पिछड़ी जातियों जैसे अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजातियों का विकास करना होगा एवं उन्हें आगे लाना होगा। यह बात राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा जावर में आयोजित जिला स्तरीय अस्पृश्यता निवारणार्थ सदभावना शिविर एवं सहभोज कार्यक्रम में कही। राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में देश एवं प्रदेश का निरतंर विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि एक सभ्य समाज वह होता है, जिसमें व्यक्ति के गुणों के आधार पर सम्मान होता है, जाति के आधार पर नहीं। उन्होंने कहा कि सच्चे भारत का निर्माण तभी संभव होगा जब हम अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के भाईयों-बहनों को आगे बढ़ने में सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि आमजन की राजस्व संबंधी कार्यों के निराकरण के लिए प्रदेश में दो बार राजस्व महा अभियान चलाया गया। इसमें आमजन की राजस्व संबंधी कार्यों नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा एवं अन्य राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया गया। उन्होंने कहा कि जिन किसानों की सोयाबीन की फसल बारिश के कारण खराब हुई है, उनके सर्वे कराने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। सर्वे के पश्चात किसानों को फसल बीमा उपलब्ध कराया जाएगा। राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में निरंतर कार्य किया जा रहा है। सरकार द्वारा महिलाओं के लिए लाड़ली बहना योजना चलाई जा रही है। जिसके तहत महिलाओं को हर महीने एक हजार दो सौ पचास रूपये की राशि खाते में अंतरित की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा आमजन को निशुल्क राशन प्रदान किया जा रहा है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बेघर लोगों के पक्के घर के सपने को साकार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में स्वच्छ भारत अभियान चलाया गया, जिसके कारण आज देश स्वच्छता के क्षेत्र में नये आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होने कहा कि सरकार किसानों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सरकार किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सोयाबीन की फसल खरीदेगी। इसके लिए सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि फसल खरीदी के लिए सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त कर ली जाएं। इस अवसर पर विधायक श्री गोपाल सिंह इंजिनियर ने संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा पिछड़ी जातियों के लोगों को आगे बढ़ानें के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा प्रदेश में चलाए गए राजस्व महाभियान से प्रदेश के आम नागरिकों एवं किसानों के राजस्व संबंधी प्रकरण निराकृत हुए हैं, जिससे उन्हें अपने कार्यो में सहायता मिली है। उन्होंने कहा कि देश एवं प्रेदश के विकास के लिए हम सभी को सामाजिक समरसता की भावना के साथ मिलकर कार्य करना होगा। कार्यक्रम में श्री बाबूलाल पटेल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्री कल्याण सिंह ठाकुर, मंडल अध्यक्ष श्री राजेंद्र केशव, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमति मंजू वेद्य, एसडीएम श्रीमति स्वाति मिश्रा, जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त श्री हीरेंद्र कुशवाह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### राजस्व मंत्री ने नायब तहसीलदार को मंच से किया निलंबित

मंच से राजस्व मंत्री श्री वर्मा के संबोधन के दौरान ग्राम निपानिया के किसान श्री रमेश द्वारा समय सीमा में सीमांकन नहीं होने की शिकायत करने पर राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने मंच से ही नायब तहसीलदार सुश्री चंचल जैन को निलंबित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो अधिकारी उत्कृष्ट कार्य करेंगे उन्हें सम्मानित किया जाएगा तथा जो अधिकारी-कर्मचारी कार्य में लापरवाही करेंगे उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी।

### अंतरजातीय प्रोत्साहन राशि वितरित

अस्पृश्यता निवारणार्थ सद्भावना शिविर एवं सहभोज कार्यक्रम के दौरान राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 04 दंपत्तियों को प्रोत्साहन राशि एवं प्रमाण प्रमाण पत्र वितरित किए। अन्तर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत विवाह करने वाले दंपत्तियों को अनुसूचित जाति एवं जनजाति विभाग द्वारा 02 लाख रूपये की राशि प्रदान की जाती है। कार्यक्रम में नए 04 दंपत्तियों को 08 लाख रूपये प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। कार्यक्रम में राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने निबंध तथा भाषण प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरित किए।

# हमारे सफाई-मित्र अग्रिम पंक्ति के स्वच्छता योद्धा हैं : मेवाड़ा



**आष्टा, देशबन्धु।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भोपाल स्थित अनेकों आयोजन किए, जिसका सीधा प्रसारण नगरपालिका के सभाकक्ष में नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा के मुख्य आतिथ्य एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना की विशेष उपस्थिति में उपस्थित सफाई मित्रों एवं नपा कर्मचारियों के समक्ष प्रसारित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, सीएमओ राजेश सक्सेना, पार्षदगण सुभाष नामदेव, रवि शर्मा, डॉ. सलीम खान द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं माल्यार्पण कर उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। तत्पश्चात् स्वच्छता प्रतियोगिता में अपनी श्रेष्ठता का लोहा मनवाने वाले सफाई मित्रों का प्रशस्ती पत्र भेंटकर व पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने सीधा प्रसारण समाप्ति के पश्चात् उपस्थित सफाई मित्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे सफाई-मित्र, अग्रिम पंक्ति के स्वच्छता-योद्धा हैं। वे हमें सुरक्षा प्रदान करते हैं बीमारी से, गंदगी से, स्वास्थ्य से जुड़े खतरों से। सफाई मित्र हमारे राष्ट्र-निर्माण में बहुत बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। सफाई मित्रों का सम्मान करके वास्तव में हम अपना ही गौरव बढ़ाते हैं।

इसी तरह आप नगर को साफ एवं स्वच्छ बनाए रखने में अपना सहयोग निरंतर देते रहे। श्री मेवाड़ा ने सफाई मित्रों को आश्वस्त करते हुए कहा कि शासन द्वारा आपके हित में चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाएं व सुविधाओं का लाभ दिलाने में हम आपके सदैव साथ है। इस अवसर सहायक यंत्री आकाश गोयतर, उपयंत्री अनिल धुर्वे, आदित्य तलनीकर, प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक विनोद सांगते, उपस्वच्छता निरीक्षक जितेन्द्र सिंगन, दरोगागण अमरदीप सांगते, राजेश घेंघट, जमादार पप्पू खरे, विनोद रतिराम, मनोज घेंघट, सुनील सांगते, रितेश सांगते सहित अन्य नपाकर्मचारीगण मौजूद थे।


# कांग्रेसजनों ने मनाई गांधी व शास्त्री की जयंती



**सीहोर, देशबन्धु।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सुबह 10 बजे गांधी पार्क पहुंचकर गांधी जी की प्रतिमा एवं शास्त्रीजी के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किये एवं उनके मार्गदर्शन पर सतत चलते रहने का संकल्प लिया। इस मौके पर कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती ने कहा कि आज सभी को गांधीजी व शास्त्री जी के बताये हुए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। महात्मा गांधी ने स्वदेशी आंदोलन में ब्रिटिश कपड़ों और मसालों का बहिष्कार करने का आह्वान किया। जब शास्त्री जी देश के प्रधानमंत्री बने तो हरित क्रांति की शुरुआत की। इसके परिणामस्वरूप, भारत खाद्यान्न में आत्मनिर्भर बना। यह बड़े ही सौभाग्य की बात है कि आज महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री दोनों की एक साथ जयंती मनाने का अवसर मिला। सत्य के साधक गांधी जी व सादगी की मिसाल पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का जीवन कई मायनों में समान था। गांधी जी के विचारों को शास्त्री जी ने सत्ता के शीर्ष पर रहकर भी जिया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ओमदीप राठौर ने द्वारा उपस्थित कांग्रेसजनों को शपथ दिलाते हुए कहा कि गांधी जी कहते थे... मेरा धर्म सत्य और अहिंसा पर आधारित है। शांतिपूर्ण प्रतिरोध और न्याय के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के प्रतीक के रूप में उनकी शिक्षाएं और मूल्य न केवल भारत में बल्कि पूरे विश्व में पीढियों को प्रेरित करती रहेंगी।

महात्मा गांधी का प्रभाव बहुत बड़ा था तथा उनके दर्शन आज भी राष्ट्र के नैतिक ताने-बाने में गहराई से समाए हुए हैं। गांधी जयंती न केवल आत्मचिंतन का दिन है, बल्कि एकता और करुणा की भावना को पुनः जागृत करने का दिन भी है, जिसे वे अत्यंत मूल्यवान मानते थे। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेसजनों में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती, शहर अध्यक्ष निशांत वर्मा, ओमदीप राठौर,ओम वर्मा, विष्णु प्रसाद राठौर, प्रीतम दयाल चौरसिया, कलीम कुरेशी, राजाराम बड़े भाई, राजेन्द्र वर्मा,पवन राठौर, रमेश गुप्ता, सीताराम भारती,रामनारायण शर्मा, देवीसिंह तवर, हरीश आर्य, ओम बाबा राठौर, रामगोपाल मुकाती, सुनील दुबे, कमल राठौर, रामु चौधरी, घनश्याम यादव, आशीष गेहलोत, मजीद अंसारी, घनश्याम मीणा, भूरा यादव, इरफान लाला, एस कुमार राठौर , शुभम सक्सेना, डॉ. अनीस खान, कपिल उपाध्याय, के.के. रिछारिया, धिरेन्द्र ठाकुर, सईदलाल मंसूरी, ममता शर्मा, आसिफ अंसारी, मनीष मेवाड़ा, यश यादव, अंकित कौशल, कमलेश चाण्डक,राहुल गोस्वामी, राहुल कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।.

# रास्तों को बन्द करने,नाले पर अवैध कब्जे को लेकर सौंपा ज्ञापन



आष्टा। राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा का जावर जाते समय कोठरी नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि राधेश्याम दलपति के नेतृत्व में पुष्पमाला पहना कर स्वागत किया गया। वही किसानों ने अपने खेत पर जाने वाले रास्ते को लेकर ज्ञापन सोपा। इस मौके पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष युवराज चंद्रवंशी, दिनेश चौधरी, सुंदरलाल पटेल, अरविंद वर्मा, और बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे,वही विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर को भी ज्ञापन दिया। एवं अवगत कराया की लगभग हम 200 किसानों के खेत पर जाने वाले वर्षो पुराना गवाखेडा रोड कस्तुरबा छात्रावास के पास से रास्ता ग्राम लसुडिया व छापरी मार्ग क्र. 1090 जोकि खसरा क्र. 933 एवं 936 में से रास्ता क्र. 944, वाले रास्ते से होते हुऐ 962 वाले रास्ते पर वी.आई.टी भोपाल युनिवर्सिटी द्वारा जबरन कब्जा किया जा रहा है। जिससे हम किसानों को खेती करने के लिये खेत पर जाने में असुविधा होती है और वी.आई.टी. युनिवर्सिटी द्वारा शासकिय भूमिएवं नाला शासकिय नाले क्र. 1176/5 पर अवैध रूप से दबंगता के साथ कब्जा कर वी.आई.टी. केम्पस के अन्दर कर लिया है। एवं निर्माण कर सीवेज का गन्दा पानी खेतो एवं नाले में डाला जा रहा है हम किसानों को प्रताडित कर धमकाया जा रहा है। एवं हमारी जमीन को कम भाव में हडपने का प्रयास किया जा रहा है।रास्ते पर अवैध बिल्डींग निर्माण कर पुरा रास्ता अवरूध कर दिया है उसे भी खुलवाया जाए। सभी किसानों ने मांग की कि हमारी समस्या का जल्द निवारण करे। एवं शासकिय भूमि को वी. आई.टी. के कब्जे से मुक्त कराये । किसानों द्वारा बताया गया कि पूर्व में भी जवाबदार जनप्रतिनिधी अधिकारी को आवेदन दे चुके हैं । लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ है।

### कोठरी के किसानो के साथ अन्याय नहीं होने देंगे : विधायक गोपालसिंह

*विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने बताया कि वीआईटी युनिवर्सिटी द्वारा किसानो का खेतो पर जाने का रास्ता रोकना एवं कई प्रकार की अनियमितताएं है। इसको लेकर कोठरी के किसान मेरे पास आए थे। किसानो को जो समस्या आ रही है। वो तत्काल हल कराई जाएगी। संभवत: 4 अक्टूबर को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आ रहे है। उनको भी वीआईटी कॉलेज की अनियमितताओ से अवगत कराया जाएगा। वही किसी भी हाल में किसानो का आम रास्ता नही रोकने दिया जाएगा।*

*कोठरी के किसान मेरे पास आए थे , किसानों को किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं आने दी जाएगी, किसान का रास्ता कोई नहीं रोक सकता।*

***विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर***

# गांधी एवं शास्त्री की जयंती मनाई



**आष्टा, देशबन्धु।** ब्लॉक कांग्रेस एवं शहर कांग्रेस के तत्वावधान में सर्वप्रथम जनपद कार्यालय में पहुंचकर सभी कांग्रेस जनों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण किया वह उनको याद करते हुए कहा कि आज देश में बापू जिंदा होते तो जिस उद्देश्य को लेकर अहिंसा के मार्ग पर चलकर उन्होंने देश को आजादी दिलाई ।

आज बड़ा दुख होता आज भारतीय जनता पार्टी की सरकार पूरे देश में धर्म के नाम पर आए दिन नए-नए तरीके से देश को बांटना चाहती है महात्मा गांधी चाहते थे कि देश का विकास और न्याय सबसे गरीब व्यक्ति तक पहुंचे जिससे वह सशक्त हो और देश मजबूती से आगे बढ़े वहीं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को याद करते हुए कहा कि जिन्होंने देश को जय जवान जय किसान का नारा दिया आज उस देश में ना किसान सुरक्षित है ना जवान सुरक्षित है। किसानो की आमदनी दोगुनी करने वाली मोदी सरकार उनके लागत मूल्य पर ध्यान नहीं दे रही है वही अग्निवीर जैसी शार्ट टर्म स्कीम लाकर देश की सेना को भी कमजोर किया जा रहा है उपरोक्त कार्यक्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस के सदस्य हरपाल सिंह ठाकुर, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष कैलाश परमार, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र शोभाखेड़ी, जिला पंचायत सदस्य कमल सिंह चौहान,महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष गुलाब बाई ठाकुर, शहर कांग्रेस अध्यक्ष जाहिद गुड्डू,ग्रामीण अध्यक्ष महेश मुंदीखेड़ी, सुनील कटारा,चेतन ठाकुर सेमली,राजकुमार मालवीय, खालीद पठान,सनव्वर खान, प्यारे पटेल,प्रेम पटारिया कमल सेठ,अर्जुन सिंह अजय, शंकर सोनी,राहुल पटारिया, डॉ हरी मेवाड़ा,वंशीलाल बॉम्बे ,मोती लाल मोलुखेड़ी, देवराज मालवीय,देवेन राजपुत,दिलीप मालाखेड़ी,जितेंद्र ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

### पितृ अमावस्या के अवसर पर गौमाता को खिलाया पशु आहार

**आष्टा, देशबन्धु।** नवरत्न परिवार के सदस्यों द्वारा सर्व पितृ अमावस्या के अवसर पर पार्वती धाम गौ शाला मे गौ माता को सुदाना पशु आहार एवं गुड़ खिलाया गया। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष अंकित वोहरा सहित प्रियांश सुराणा, गौरव कोठरी, कुणाल वोहरा, अर्पित सुराणा, आदित्य बम, हर्ष सुराणा, मयंक मालू,तन्मय वोहरा, अमित नामदेव, रितेश धारीवाल एवं सय्यम सुराणा आदि उपस्थित रहे।

# पितृ अपने प्रियजनों से वस्त्र की इच्छा रखते हैं : डॉ. मीना



**आष्टा, देशबन्धु।** अंतरराष्ट्रीय वैश्य मंडल जो अपनी समाजसेवी गतिविधियों में अग्रणीय रहता है और विभिन्न अवसरों पर अपनी सहभागिता निभाता है। ऐसा माना गया है कि एक मनुष्य की तरह ही पितरों को भी सर्दी और गर्मी का एहसास होता है। यही कारण है कि पितृ अपने प्रियजनों एवम परिजनों से वस्त्र की इच्छा रखते हैं। ऐसे में यदि पितृ पक्ष के दौरान ब्राह्मणों को वस्त्रों का दान किया जाता है तो पितृ तृप्त होते हैं और उनका आशीर्वाद सभी पर बना रहता है।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय वैश्य मंडल की महिलाओं ने श्रीमती मोनिका धीरज धारवां के निवास स्थान लाल कोठी पर ब्राहमण महिलाओं को वस्त्र भेंट किए। इस अवसर पर श्रीमती बेला मूंदड़ा,जिला महामंत्री एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना विनीत सिंघी, श्रीमती रीना सुराणा, श्रीमती मोनिका धारवा,श्रीमती उर्मिला गुप्ता, श्रीमती बिंदु मिस, श्रीमती ज्योति सोनी, श्रीमती कविता कमरिया, श्रीमती सविता सोनी, श्रीमती पार्वती सोनी, श्रीमती पिंकी पोरवाल, श्रीमती अनीता पोरवाल, श्रीमती सोनल सुराणा, श्रीमती रानी सोनी, श्रीमती रानी मूंदड़ा, श्रीमती प्रीति मूंदड़ा मौजूद रही।

# धूमधाम से मनाया जाएगा विजयादशमी का पर्व, खंडेलवाल बने दूसरी बार अध्यक्ष



**भेरूंदा, देशबन्धु।** हर साल की तरह अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक विजयादशमी का पावन पर्व मां भवानी दुर्गा उत्सव समिति, बजरंग कुटी एवं दशहरा नमो पुराण समिति के सभी वरिष्ठ सदस्य एवं साथियों से चर्चा करने के पश्चात इस वर्ष भी दशहरा समिति अध्यक्ष प्रकाश खंडेलवाल को दशहरा नमो पुराण समिति

अध्यक्ष प्रकाश खंडेलवाल को बनाया गया, साथ में उपाध्यक्ष नारायण अग्रवाल (बाबा), नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर, राजेश पवार, दिनेश शर्मा, बलराम प्रजापति, रमेश पवार, शक्ति सोनी, आधार महेश्वरी सहित नगर वासियों को अपनी अपनी व्यवस्था बनाया गया है। इस मौके पर समिति की और से क्षेत्र वासियों से अपील की गई है कि दशहरा मैदान में पहुंचे और कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं एवं समिति के सभी सदस्य मौजूद रहे। बैठक के दौरान भेरूंदा दशहरा उत्सव समिति अध्यक्ष सदस्यों को जानकारी देते हुए बताया कि शहर में उत्सव समिति के द्वारा करीब 70 सालों से अधिक समय से दशहरा उत्सव आस्था और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस साल भी बजरंग कुटी में भव्य रूप से विजयादशमी का पर्व मनाया जाएगा। इस मौके पर करीब 51 फीट का रावण के पुतले को बनाया जाएगा और दशहरा पर्व पर भव्य रूप से भगवान श्रीराम की सेना क्षेत्र के श्रीराम मंदिर छोटा बाजार से आऐंगी और नगर में भरत मिलाव आदि के पश्चात पार्क में रंगीन आतिशबाजी के मध्य रावण दहन किया जाएगा।

# महात्मा गांधी की जयंती पर छात्राओं और सफाई मित्रों को किया सम्मानित




**भेरूंदा, देशबन्धु।** हमारे देश भरत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से स्वच्छता पखवाड़ा प्रारंभ किया गया था। जिसमें पूरे नगर एवं पूरे प्रदेश और देश में स्वच्छता पखवाड़ा चलाया गया। इसी के तहत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर इस कार्यक्रम को सफल बनाकर समापन किया गया। जिसमें नगर के कृषक संगोष्ठी भवन में इस कार्यक्रम को आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस द्यद्गस्न के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। और उसके बाद नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर के द्वारा सभी नगर वासियों एवं सफाई मित्रों और नगर परिषद की टीम को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया एवं सफाई मित्रों को धन्यवाद दिया और उनके भविष्य की उज्जवल कामना करते हुए उनसे कहा गया कि आप अपने नगर भेरूंदा को नंबर वन लाने में पूरा सहयोग करें हम आपके साथ हैं। उसके बाद भाजपा सीहोर जिला अध्यक्ष रवि मालवीय ने कार्यक्रम को संबोधित कर एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। और उसके बाद 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक चलाऐ गए स्वच्छता के कार्यक्रम जैसे रंगोली, चित्रकला, निबंध,वाहनों की रैली बच्चों की रैली सफाई अभियान ,जेसे अनेक कार्यक्रम करवाए गए। जो की नगरवासियों को जागरूक करने के लिए और पूरे 15 दिन स्वच्छता पखवाड़ा चलाया गया । और उसको वीडियो के माध्यम से सभी को दिखाया गया। और जो छात्र एवं छात्राओं ने रंगोली ड्राइंग में भाग लिया था। जैसे सीएम राइस स्कूल की छात्राओं ने स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय छात्राओं ने कन्या हार सैकेंडरी स्कूल की छात्राओ ने भाग लिया ,उनको नगर परिषद भेरूंदा की ओर से प्रमाण पत्र एवं टीपिन बॉक्स देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद सफाई मित्रों को प्रमाण पत्र एवं टिफिन के डिब्बे देकर सम्मानित किया गया। उसके बाद नगर में बने कार्यालय, दुकान, रेस्टोरेंट जिसमें रेस्टोरेंट साई सेलिब्रेशन को सम्मानित किया गया।

कपड़े दुकान में मोहन रेडीमेड को सम्मानित किया एवं मधुशाला में मंगल सिंह कुशवाहा मधुशाला के लिऐ सम्मानित किया गया। स्वच्छ कार्यालय में अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय को सम्मानित किया गया। एवं स्वच्छ मार्केट में नीलकंड रोड को सम्मानित किया। स्वच्छ स्कूल के विजेन्द्र कुमार शर्मा के शुभम कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूपशामिल रहे ,सीहोर भाजपा जिला अध्यक्ष रवि मालवीय, नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर, शुभम स्कूल संचालक विजेंद्र शर्मा सुनील माहेश्वरी, पार्षद प्रतिनिधि राजेश पवार, पार्षद मेहरबान सिंह सर्राठे, अनुविभागीय अधिकारी मदन सिंह रघुवंशी, एसडीओपी दीपक कपूर, जनपद सीईओ प्रबल अरजरिया, महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी अनूप कुमार श्रीवास्तव , मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रफुल्ल गठरे एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं स्कूल के बच्चे और एवं सफाई मित्र पूरी नगर परिषद की टीम मुख्य रूप से उपस्थिति रही।

### विद्या मंदिर में धूमधाम से मनाई गई जयंती



भेरूंदा। शास्त्री जयंती एवं गांधी जयंती के अवसर शास्त्री स्कूल संचालक दिनेश कुमार जोशी ने दोनो महापुरूषो की प्रतिमा पर माल्यार्पण ओर दोनों महापुरुषों को याद किया। शाला प्राचार्य अवधेश सिंह ठाकुर ने दोनो महापुरुषों को उनके बारे मे छात्र छात्राओं को विस्तार से बताया। लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बच्चों को देश कि अखंडता को बनाये रखने एंव स्वच्छता कि शपथ दिलाई। नवीन हाईस्कूल की प्राचार्या श्रीमती पचौरी मेडम एंव चंद्रशेखर शर्मा एंव मुकेश पंवार क्द्धद्यद्ग महात्मा गांधी एंव शास्त्री जी के बारे में अपना उद्बोधन दिया ।इस अवसर पर समस्त शास्त्री विद्या मन्दिर हायर सेकेंडरी स्कूल का समस्त स्टाफ मुख्य रूप से शामिल रहा।

## मुख्यमंत्री ने पदक विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित, बोले-

# खिलाड़ी करें पदक की तैयारी, आप की चिन्ता होगी हमारी

## विवेक, रूबीना और कपिल को मिले 1-1 करोड़ रुपये, 18 विक्रम अवार्डी को मिले शासकीय सेवा के नियुक्ति-पत्र



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पेरिस ओलम्पिक और पैरालम्पिक खिलाड़ियों से कहा कि खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय पदक जीतने की तैयारी करें, आगे की चिन्ता हम करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को टी.टी. नगर स्टेडियम में पेरिस ओलम्पिक एवं पैरालम्पिक-2024 के चैम्पियन खिलाड़ियों को सम्मान राशि एवं शासकीय सेवा में नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में खिलाड़ियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने ओलम्पिक में भारतीय हॉकी का गौरव लौटने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह हमारे लिये गर्व की बात है कि हॉकी टीम में मध्यप्रदेश के गौरव विवेक सागर ने अपना अहम योगदान दिया और हमें गौरवान्वित किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 3 खिलाड़ियों को एक-एक करोड़ और 3 खिलाड़ियों को 10-10 लाख रूपए, एक खिलाड़ी को तीन लाख रूपए और एक खिलाड़ी को दो लाख रूपए की प्रोत्साहन राशि के चैक प्रदान किये। इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग, विधायक भगवानदास सबनानी, अपर मुख्य सचिव खेल श्रीमती स्मिता भारद्वाज एवं बड़ी संख्या में खिलाड़ी और उनके अभिभावक उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की खिलाड़ी भावना इस बात से स्पष्ट होता है कि वे पदक विजेता खिलाड़ियों का गर्मजोशी से स्वागत करते हैं और पदक से वंचित खिलाड़ियों को अधिक उत्साह के साथ अगली प्रतियोगिता की तैयारी के लिए प्रोत्साहित कर उनका मनोबल बढ़ाते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसी कारण से ओलम्पिक में जब हमारी बहन कुश्ती में पदक हासिल नहीं कर सकी तब भी प्रधानमंत्री श्री मोदी उनका हौसला बढ़ाया। प्रधानमंत्री श्री मोदी असफलता पर सिफ खिलाड़ियों का ही नहीं, बल्कि उच्च लक्ष्यों की प्राप्ति में असफलता पर वैज्ञानिकों के प्रयासों का अभिनंदन करते हैं। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि मैदान में उतरने वाला खिलाड़ी किस स्तर का खिलाड़ी बनेगा, यह नहीं कहा जा सकता परंतु यह सुनिश्चित है कि खेलों से जुड़ने वाला हर खिलाड़ी एक सभ्य, अनुशासित नागरिक जरूर बनेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी पहले ऐसे व्यक्ति हैं, जिन्होंने गांधी जी के स्वच्छता संदेश को मूर्त रूप देने का काम किया है।

### पदक विजेता खिलाड़ी बने करोड़पति

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ओलम्पिक पदक हासिल करने वाले हॉकी खिलाड़ी श्री विवेक प्रसाद सागर, पैरालम्पिक पदक प्राप्त जूडो खिलाड़ी कपिल परमार और शूटिंग खिलाड़ी सुश्री रूबीना फ्रांसिस को राज्य सरकार की ओर से एक-एक करोड़ रुपये की राशि का चैक भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने ओलम्पिक प्रतिभागी ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, पैरालम्पिक प्रतिभागी सुश्री प्राची यादव और सुश्री पूजा ओझा को 10-10 लाख रुपये, विश्व 6-रेड स्नूकर वर्ल्ड चैम्पियनशिप के विजेता कमल चावला को 3 लाख और डेफ शूटिंग चैम्पियनशिप के विजेता चेतन हेमंत सप्कल को 2 लाख रूपये का चैक भेंट कर सम्मानित किया।

### विक्रम अवॉर्डी को दिए गए नियुक्ति-पत्र

कार्यक्रम में मंत्री श्री सारंग ने वर्ष 2017 से वर्ष 2022 तक विक्रम पुरस्कार प्राप्त उत्कृष्ट खिलाड़ियों को जल संसाधन, लोक निर्माण, नगरीय विकास, ऊर्जा, चिकित्सा शिक्षा एवं वन विभाग में नियुक्ति-पत्र प्रदान किये। थ्रो-बॉल खिलाड़ी चन्द्रकांत हरडे, वुशू खिलाड़ी सुश्री भूरक्षा दुबे, शूटिंग खिलाड़ी सुश्री प्रगति दुबे, खो-खो खिलाड़ी सुश्री नैन्सी जैन, मलखम्ब खिलाड़ी राजवीर सिंह और जूडो खिलाड़ी सुश्री पूनम शर्मा को जल संसाधन विभाग में नियुक्ति के पत्र दिये गये। पैरा-केनो खिलाड़ी सुश्री प्राची यादव और कराते खिलाड़ी सुश्री निधि नन्हेट को लोक निर्माण विभाग में नियुक्ति पत्र, सॉफ्ट बॉल खिलाड़ी सुश्री पूजा पारखे, सुश्री रागिनी चौहान तथा योगा के रोहित वाजपेई को नगरीय विकास एवं आवास विभाग का नियुक्ति-पत्र प्रदान किया गया।

सॉफ्ट टेनिस खिलाड़ी श्री जय मीणा और साहसिक खेल के भगवान सिंह कुशवाह को ऊर्जा विभाग में, कबड्डी खिलाड़ी सुश्री कंचन ज्योति, सॉफ्ट बॉल खिलाड़ी सुबोध चौरसिया और सॉफ्ट टेनिस खिलाड़ी आदित्य दुबे को चिकित्सा शिक्षा, शूटिंग खिलाड़ी सुश्री चिंकी यादव को वन और सुश्री आध्या तिवारी को आयकर विभाग में नियुक्ति-पत्र सौंपा गया।

## राज्यपाल हिन्दी सेवी सम्मान समारोह में हुए शामिल

# हिन्दी सिर्फ भाषा नहीं, भावों की भी अभिव्यक्ति



**भोपाल, देशबन्धु।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि हिन्दी, माँ भारती के मस्तक की बिंदी है। यह सिर्फ भाषा नहीं, भावों की अभिव्यक्ति और मातृ भूमि पर मर मिटने की भक्ति है। हिंदी के सतत् विकास, समृद्धि और प्रसार के लिए क्षेत्रीय शब्दों का हिन्दीकरण और सरलीकरण जरूरी है। राज्यपाल श्री पटेल मध्यप्रदेश राष्ट्र भाषा प्रचार समिति द्वारा आयोजित हिन्दी भाषी साहित्यकार और हिन्दी सेवा सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सम्मानित लेखकों, प्रशासनिक अधिकारियों, हिन्दी सेवा साधकों और युवा साहित्यकारों को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

> अहिन्दी भाषियों की कठिनाईयों को समझें और समाधान करें

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि पिछले कुछ दशकों में हिन्दी का प्रसार अहिंदी भाषी राज्यों सहित विदेशों में भी बढ़ा है। यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हिन्दी भाषा की लोकप्रियता में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। प्रधानमंत्री श्री मोदी विश्व मंचों पर जब अपनी बात हिंदी में रखते हैं तो सम्पूर्ण विश्व बड़े ध्यान से सुनता है।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि हमें अहिंदी भाषियों की हिन्दी के प्रति रूचि बढ़ाने, उनकी कठिनाईयों को समझना होगा। उसका समाधान करना होगा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर अहिंदी भाषियों को जोड़ कर हिंदी में चर्चा के लिए प्रोत्साहित करने के प्रयासों पर भी चिंतन किया जाना चाहिए। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि हिंदी को वैश्विक बनाने और लोगों की रुचि बढ़ाने वेब-साइट और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के उपयोग की सम्भावनाओं पर चिंतन किया जाना चाहिए। हिंदी के भाषायी विकास में योगदान देने वालों और हिंदी के क्षेत्र में व्यावसायिक उपलब्धियां प्राप्त करने वालों के सम्मान की पहल भी जरूरी है।

राज्यपाल श्री पटेल ने समारोह में हिन्दी सेवी सम्मान-2024 प्रदान किया। उन्होंने अलग-अलग श्रेणियों में साहित्यकारों, प्रशासनिक अधिकारियों और हिन्दी सेवा साधकों को सम्मानित किया। पुरस्कारों में हिन्दीतर भाषी हिन्दी सेवी, विशिष्ट हिन्दी सेवी सम्मान, स्थापित सम्मान और युवा साहित्यकारों के लिए सम्मान शामिल रहे।

राज्यपाल श्री पटेल ने मां सरस्वती के पूजन और दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लालबहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण किया। श्री पटेल का प्रचार समिति ने पुष्प-गुच्छ से स्वागत, शॉल और श्रीफल से अभिनंदन किया। इस अवसर पर उन्हें समिति की मासिक पत्रिका भी भेंट की गई। स्वागत उद्बोधन समिति के मंत्री संचालक श्री कैलाश चंद्र पंत ने दिया। श्री रघुनंदन शर्मा ने अध्यक्षीय उद्बोधन दिया। आभार समिति के उपाध्यक्ष डॉ रंजना अरगढ़े ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में सह-सचिव डॉ संगम सक्सेना, से.नि. वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी डॉ. मनोज श्रीवास्तव, सम्मानित लेखक, साहित्यकार और उनके परिजन उपस्थित रहे।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने शाहनगर व पवई में प्रबुद्धजन सम्मेलन को किया संबोधित, कहा-

# गांधी जी का स्वच्छता का सपना कांग्रेस ने नहीं मोदी ने पूरा किया



**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने स्वच्छता का जो सपना देखा था, आजादी के बाद वर्षों तक देश में शासन करने वाली कांग्रेस ने कभी स्वच्छता पर ध्यान नहीं दिया, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बापू के सपने को पूरा किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस केवल झूठ, छल-कपट की राजनीति करके सामाजिक वैमनस्यता फैलाने का कार्य करती रही है। श्री शर्मा बुधवार को पवई में प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। वहीं श्री शर्मा ने शाहनगर में सेवा बस्ती में लोगों को भाजपा सदस्यता दिलाई और स्व-सहायता महिला समूह से संवाद भी किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण का कार्य करने के साथ राष्ट्र को विकसित बनाने और देश की सुरक्षा के साथ वैश्विक स्तर पर भारत का मान-सम्मान बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री द्वारा किए जा रहे सभी कार्य सुचारू रूप से चलते रहें, इसके लिए आप सभी भाजपा का सदस्य बनकर भाजपा और प्रधानमंत्री को मजबूती प्रदान करें। श्री शर्मा ने सेवा पखवाड़े व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर शाहनगर में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और मंदिर परिसर में झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। इसके बाद शाहनगर में सेवा बस्ती में घर-घर पहुंचकर आमजनों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। शाह नगर में सेवा पखवाड़े के तहत एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री व विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह, जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा, पूर्व जिला अध्यक्ष जयप्रकाश चतुर्वेदी, सदानंद गौतम, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मीना सिंह, पवई नगर पंचायत अध्यक्ष बसंत दहायत, पवई जनपद अध्यक्ष श्रीमती मोहिनी मिश्रा सहित जिला पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक्स आईडी बंद कर वैधानिक कार्रवाई की जाए

# भाजपा ने युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष की क्राइम ब्रांच में की शिकायत



**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी विधि प्रकोष्ठ के एक प्रतिनिधि मंडल ने मध्यप्रदेश सरकार की सर्वाधिक लोकप्रिय लाडली बहना योजना का मजाक उड़ाते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के विरूद्ध एक भ्रामक वीडियो सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करने पर मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष मितेन्द्र सिंह के खिलाफ भोपाल क्राइम ब्रांच थाने पहुंचकर शिकायत की। भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने एमपी नगर स्थित क्राइम ब्रांच थाने में की गई शिकायत में कहा है कि मुख्यमंत्री जैसे संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति के प्रति इस तरह का मजाक उड़ाना राजद्रोह की श्रेणी में आता है। युवा कांगेस अध्यक्ष मितेन्द्र सिंह द्वारा मुख्यमंत्री के विरुद्ध पोस्ट की गई वीडियो में शब्दों का जो चयन किया गया है वह शब्द मध्यप्रदेश की शांति व्यवस्था को बिगाड़ने और आमजन में खौफ पैदा करने वाला हैं। विधि प्रकोष्ठ के प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि इस वीडियो को पूर्णता रोक लगाकर कांग्रेस नेता मितेंद्र सिंह की एक्स आईडी को स्थाई रूप से बंद करने एवं उनके विरुद्ध सख्त एवं वैधानिक कार्रवाई की जाए। शिकायत करने वाले प्रतिनिधि मंडल में भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक श्री अशोक विश्वकर्मा, विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यालय मंत्री श्री हेमंत द्विवेदी एवं अधिवक्ता व सदस्य केशव ताम्रकार शामिल रहे।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान के समापन समारोह में बोलीं राज्यमंत्री बागरी

# जनभागीदारी एवं सफाई मित्रों के योगदान से स्वच्छता का नया अध्याय प्रारंभ



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वर्चुअल माध्यम से स्वच्छ भारत मिशन और अमृत योजना में 685 करोड़ रूपये की परियोजनाओं का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान का समापन समारोह कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कंवेंशन सेंटर में आयोजित किया गया।

नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने कहा कि जनभागीदारी एवं सफाई मित्रों के योगदान से स्वच्छता का नया अध्याय प्रारंभ हुआ है। उन्होंने बताया कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चले इस अभियान का उद्देश्य स्वच्छता को लोगों की दिनचर्या का हिस्सा बनाना था। पूरे प्रदेश में 42,000 से अधिक स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किए गए। सफाई मित्रों का सम्मान किया गया और 2 लाख से अधिक सफाई मित्रों और उनके परिजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने बताया कि विभिन्न विद्यालयों में स्वच्छता संवाद कार्यशालाओं में 1 लाख से अधिक छात्रों ने भाग लिया। छात्रों को अपशिष्ट प्रबंधन के विभिन्न चरणों की जानकारी भी दी गई। राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने कहा कि भारत अभियान के सपने को साकार करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में हर नागरिक प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने अभियान की सफलता के लिए सहयोगियों, जन-प्रतिनिधियों और मीडिया को धन्यवाद दिया।

### आंध्र में समाप्त किया कचरा संग्रहण शुल्क

**विजयवाड़ा, एजेंसी।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार को राज्य में कचरा संग्रहण शुल्क समाप्त करने की घोषणा की। उन्होंने गांधी जयंती के अवसर पर मछलीपट्टनम में आयोजित 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम में यह घोषणा की। सीएम ने कहा कि वाईएसआर कांग्रेस पार्टी की पिछली सरकार ने लोगों पर कचरा कर लगाया था। घरों से कचरा इकट्ठा करने के लिए शुल्क लगाया जा रहा था और जो लोग शुल्क नहीं दे रहे थे, उनके घरों के सामने कचरे के ढेर लगा दिए गए थे।

## कांग्रेसजनों ने राष्ट्रपिता को दी श्रद्धांजलि, प्रदेशाध्यक्ष ने कहा-

# गांधी के विचारों को कोई नहीं मिटा नहीं सकता



**भोपाल, देशबन्धु।** दुनिया में ऐसी कोई जगह नहीं जहां महात्मा गांधी की प्रतिमा न हो दुनिया में यदि सबसे ज्यादा विचार को लेकर, संस्कार को लेकर पढ़ा-लिखा गया है तो वह महात्मा गांधी के ही विचार हैं। जब तक सृष्टि रहेगी जब तक उनके विचारों को ना कोई मिटा सकता है न कोई बदलाव कर सकता है।

यह बात प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कही। श्री पटवारी आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आज का दिन देश-दुनिया के इतिहास में न कभी भूला जाएगा और न ही कभी भुलाया जाएगा। गांधी जी के विचारों से ही आज देश आर्थिक तरक्की, सामाजिक तरक्की की ओर बढ़ा है। श्री पटवारी ने कहा कि आज एक और महापुरुष पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को याद करने का दिन है, जिन्होंने इस देश में हरित क्रांति लाने के लिए नारा दिया 'जय जवान जय किसान'। इसके पहले श्री पटवारी और अन्य कांग्रेस नेताओं ने पुरानी विधानसभा मिंटो हाल परिसर में स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर और परिसर के पास स्थित पूर्व प्रधानमंत्री पंड़ित जवाहर लाल नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर और पुष्प अर्पित कर उनका पुण्य स्मरण किया। इस अवसर पर कांग्रेस पदाधिकारीगण राजीव सिंह, मुकेश नायक, श्रीमती विभा पटेल, दीपचंद यादव, जे.पी. धनोपिया, प्रवीण सक्सेना, अरूण श्रीवास्तव, रवि सक्सेना, अब्बास हफीज, जितेन्द्र मिश्रा, फरहाना खान, शबिस्ता-आसिफ जकी, जहीर अहमद, राजलक्ष्मी नायक, अभिनव बरोलिया, स्वदेश शर्मा, अवनीश बुंदेला, आनंद जाट, रवि वर्मा, अमित शर्मा, अपराजिता पांण्डेय, प्रदीप अहिरवार, रविन्द्र झूमरवाला, संतोष कंसाना, जयश्री हरिकरण, बीएस शर्मा, मोहन मीणा, महेश मालवीय, हैदरयार खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद थे।

## ग्वालियर में आयोजित कार्यक्रम में बोले विधानसभा अध्यक्ष

# प्रधानमंत्री में विकास के प्रति व्यापक सोच और गरीबी दूर करने की ललक



**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी का कार्यकाल भी देखा है और उनके नेतृत्व में गुजरात की तरक्की और समृद्धि भी हमारे सामने है। विकास की व्यापक सोच और गरीबों के प्रति उनकी ललक हमें देखने को मिलती है। श्री तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री के रूप में अपनी पहली विदेश यात्रा भूटान से शुरू की थी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आज जो भी काम करते हैं, पूरी दुनिया उनके कदमों को तोलती है बल्कि उस पर रिसर्च भी करती है, क्योंकि उनके हर कदम के पीछे व्यापक सोच और इसके दूरगामी परिणाम होते हैं।

श्री तोमर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितम्बर से शुरू हुए सेवा पखवाड़े के अंतर्गत शनिवार को बाल भवन में भाजपा जिला ग्वालियर द्वारा संगोष्ठी में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर कार्यक्रम के प्रारंभ में श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपध्याय के चित्र पर मालार्पण कर संगोष्ठी का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा हम भाजपा के कार्यकर्ता पंच निष्ठा में विश्वास रखते हैं। इन्हीं पंच निष्ठा में से एक है एकात्मक मानववाद। एकात्मक मानववाद ही ऐसा विचार है जिसमें दुनिया की सभी चुनौतियों का समाधान है। संगोष्ठी में प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री प्रघुम्न सिंह तोमर, भाजपा के ग्वालियर संभाग के प्रभारी विजय दुबे, भाजपा जिला अध्यक्ष अभय चौधरी, पूर्व जिला अध्यक्ष वीरेंद्र जैन, देवेश शर्मा, जयप्रकाश राजोरिया, विनय जैन, विनोद शर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**इजरायल पर ईरान, यमन और....** बैंक में एक फिलिस्तीनी व्यक्ति की मौत हुई है। ईरान की इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने कहा है कि ये हमला हमास चीफ इस्माइल हानिया, हिज्बुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह और आईआरजीसी कमांडर अब्बास निलफोरोशान की मौत के जवाब में किया गया है। आईआरजीसी का दावा है कि तेल अवीव में इजरायल के तीन सैन्य ठिकानों पर भी हमला किया गया है। हमले के बाद इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि ईरान ने बड़ी गलती कर दी है और उसे इसका अंजाम भुगतना होगा। इजरायली सेना के प्रवक्ता डेनियल हगारी ने कहा कि सही वक्त और सही जगह चुनकर ईरान को जवाब दिया जाएगा। जबकि, इजरायली रक्षा मंत्री योआव गैलेंट का कहना है कि ईरान ने कोई सबक नहीं सीखा है। जो इजरायल पर हमला करता है, उसे भारी कीमत चुकानी पड़ती है। ईरान का इजरायल पर ये इस साल में दूसरा हमला था। इससे पहले अप्रैल में भी ईरान ने इजरायल पर हमला किया था। हालांकि, फिलहाल हमले रुक गए हैं। लेकिन मध्य पूर्व के कई मुल्कों में ईरान के कई समर्थक देश हैं, जो इजरायल की टेंशन बढ़ा सकते हैं। लेबनान- लेबनान पूरी तरह से इजरायल के खिलाफ इस जंग में हिजबुल्लाह, हमास का साथ दे रहा है। तीन तरफ से हुए हमले में लेबनान ने भी घातक अस्त्र दागे और इसके बाद जवाबी हमले में इजरायल ने लगभग 7 किमी तक लेबनान में तबाही मचाई। यमन- ताजा हमले में यमन भी ईरान का साथ दे रहा है और उसने भी तीसरी तरफ से इजरायल पर हमला बोल दिया इसके बाद जवाबी कार्रवाई में इजरायल का दावा है कि वह दो किमी भीतर तक यमन में पहुंच चुका है और हमले का करारा जवाब दिया जा रहा है। यहां हूती विद्रोही सक्रिय हैं, जो शिया जैदी समुदाय का संगठन है। हूती विद्रोही इजरायल और अमेरिका के खिलाफ लड़ते हैं। इजरायल के विदेश मंत्री ने संयुक्त राष्ट्र प्रमुख पर इजरायल के खिलाफ पूर्वाग्रह रखने का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें देश में घुसने नहीं दिया जाएगा। इजरायल के विदेश मंत्री का कहना है कि संयुक्त राष्ट्र प्रमुख को देश में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। विदेश मंत्री ने बुधवार को कहा कि वह संयुक्त राष्ट्र महासचिव को इज़रायल में प्रवेश करने से रोक रहे हैं, उन्होंने उन पर देश के खिलाफ पक्षपाती होने का आरोप लगाया है।

**2 हजार करोड़ की कोकीन....** पुलिस के अनुसार, तुषार गोयल के पिता का पब्लिकेशन का व्यवसाय है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि तुषार गोयल मुंबई से 15 किलोग्राम कोकीन की आपूर्ति करने के लिए भारत में मुख्य रिसीवर भरत जैन से मिलने वाला था। कार्रवाई के दौरान उसे गिरफ्तार करते समय कोकीन का यह बड़ा जखीरा महिपालपुर एक्सटेंशन के एक गोदाम से बरामद किया गया।

**बंगाल में फिर शुरू हुई....** डिजिटल बेड रिक्ति मॉनिटर स्थापित किया जाना चाहिए। सीसीटीवी, ऑन-कॉल रूम और बाथरूम की आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सभी मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में जूनियर डॉक्टरों के निर्वाचित प्रतिनिधित्व के साथ प्रत्येक कॉलेज पर आधारित टास्क फोर्स का गठन किया जाना चाहिए।

**स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता ही....** भारतीय संस्कृति उत्तम सुख-निरोगी काया के सिद्धांत में विश्वास करती है और स्वच्छता ही अच्छे स्वास्थ्य का आधार है। हमें स्वस्थ रखने के लिए स्वच्छता कर्मी प्राण-प्रण से समर्पित हैं। उनका कार्य चुनौती भरा और जीवटता वाला है, जैसे सेना का सिपाही देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों को कुर्बान कर देता है उसी प्रकार सफाई कर्मी, स्वच्छता और समाज को स्वस्थ बनाए रखने के लिए अपना सर्वस्व समर्पित करते हैं। इसी का परिणाम है कि 19 सितम्बर को उज्जैन में महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मु द्वारा स्वच्छता कर्मियों का सम्मान किया गया।

डॉ. यादव ने 'स्वच्छता दिवस' पर स्वच्छता पखवाड़े के समापन कार्यक्रम में प्रदेश में स्वच्छता के लिए संचालित गतिविधियों, अमृत योजना और रि-ड्यूस-रि-यूज- रि-साइकिल पर केंद्रित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी द्वारा प्रदेश को दी गई सौगातों पर केंद्रित फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। कार्यक्रम में सांसद भोपाल आलोक शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा, भगवानदास सबनानी, महापौर श्रीमती मालती राय, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी सहित नागरिक और सफाई मित्र उपस्थित रहे।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।